जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

हिण्डौन सिटी

Rashtradoot

फोनः- 230200, 230400 फैक्सः- 07469-230600 वर्षः 17 संख्याः 321 प्रभात हिण्डौन सिटी, बुधवार 24 सितम्बर, 2025 पो. रजि.SWM-RJ-6069/2017-18 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

# विश्वास नहीं जम पा रहा, भारतीय प्रोफेशनल्स का ट्रंप की "इमिग्रेशन" नीतियों पर

## नवीनतम नीति के अनुसार, अमेरिका उन विदेशी प्रोफैशनल्स को प्राथमिकता देगा, जिनका वेतन भारी है और शैक्षणिक योग्यता भी अधिक है

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 सितंबर।

- अब तक एच-1बी वीज़ा, लॉटरी सिस्टम से दिया जाता था, जिसमें कम या भारी तनख्वाह पाने वालों को एक ही पलड़े में रखा जाता था, लॉटरी निकालने से पहले।
- यूनएन की 80वीं जनरल असैम्बली को संबोधित करते हुए, ट्रंप ने विदेशी प्रोफैशनल्स को वीज़ा देने की नई नीति को उजागर किया।
- ट्रंप ने अपने भाषण में यूरोपीय देशों की भी काफी आलोचना की, कि इन देशों ने गैर-कानूनी तरीके से सीमा पार से आने वाले वर्कर्स की समस्या पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया और इसीलिए ये यूरोपीय देश भारी संकट में हैं।
- भारतीय आईटी प्रोफैशनल्स व अमेरिका की बड़ी-बड़ी आईटी कम्पनियां, आपस में पूर्णतया सहयोग कर रही हैं, ट्रंप की नित्य, रोज-रोज बदलती नीतियों के साथ एडजस्ट करने के लिए। जितना आवश्यक भारतीय आईटी प्रोफैशनल्स के लिए अमेरिका में नौकरी मिलना है, उतना जरूरी अमेरिका की आईटी कम्पनियों के लिए भारतीय वर्कर्स को नौकरी देना है, क्योंकि अगर विदेशी आईटी प्रोफैशनल्स नहीं हों तो इस सैक्टर के लिए अमेरिका में जीवित रहना उतना ही मुश्किल हो जायेगा।

न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र में अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के भाषण ने यह भरोसा नहीं दिलाया कि अमेरिका एच-1बी वीज़ा रखने वाले भारतीय प्रवासियों का स्वागत करेगा। इसके बजाय यह धारणा और मजबूत हुई कि यह राष्ट्रपति अमेरिका में विदेशी कामगारों की मौजूदगी को सीमित करने पर तुला हुआ है।

ट्रंप प्रशासन ने अचानक ही हर एच-1बी वीज़ा आवेदक पर प्रति वर्ष 1,00,000 डॉलर की भारी फीस लगाने की घोषणा कर दी। व्यापक विरोध के बाद सरकार ने सफाई दी कि बढ़ी हुई वीज़ा फीस सिर्फ नए आवेदकों पर लागू होगी और वर्तमान वीज़ा धारकों को बिना किसी रुकावट के काम जारी रखने दिया जाएगा।

आज ट्रंप प्रशासन ने एच-1बी वीज़ा के आवंटन की एक नई प्रणाली की भी घोषणा की, जिसमें आवेदकों के वेतन और शैक्षिक योग्यता को जोड़ा जाएगा। नई योजना के तहत अब वीज़ा लॉटरी प्रणाली से नहीं दिए जाएंगे, बल्कि अब ऊँचे वेतन वाली नौकरियों और अधिक शिक्षा प्राप्त उम्मीदवारों को प्राथमिकता मिलेगी।

इरादा यह है कि केवल बहुत ऊँचे वेतन वाले पदों पर कार्यरत लोगों की ही इन वीज़ाओं तक आसान पहुँच मिले

( शेष पृष्ठ 5 पर )

## आरपीएससी में तीन सदस्य नियुक्त

अजमेर, 23 सितम्बर। राजस्थान लोक सेवा आयोग में तीन नये सदस्य नियुक्त किए गये हैं। पूर्व आईपीएस हेमंत प्रियदर्शी के अलावा, डॉ. सुशील

- पूर्व आईपीएस हेमंत प्रियदर्शी, कैंसर स्पेशलिस्ट डॉ. अशोक कलवार तथा शिक्षाविद् डॉ. सुशील कुमार बिस्सू सदस्य बने।

कुमार बिस्सू व डॉ. अशोक कुमार कलवार सदस्य बने हैं।

आयोग में अभी छह सदस्यों के पद खाली चल रहे थे। अब तीन नये सदस्यों की नियुक्ति होने के बाद, आयोग सदस्य के दस में से सात पद भर गये हैं, पर तीन पद अब भी खाली हैं। मौजूदा सरकार के कार्यकाल में राजस्थान लोक सेवा आयोग में यह दूसरी नियुक्ति है। इससे पहले, पूर्व डीजीपी यूआर साहू को अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। हेमंत

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# राहुल गांधी की "यात्रा" ज्यादा रास नहीं आ रही आरजेडी को

## आरजेडी का मानना है, यात्रा ज्यादा सफल हुई तो कांग्रेस और अधिक सीटें मांगेगी और इससे तेजस्वी को मु.मंत्री बनाने की कोशिश में दिक्कतें उत्पन्न हो सकती हैं

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 सितंबर। प्रतीकात्मक रूप से यह अवसर बहुत बड़ा है, 1940 के बाद यह पहला अवसर है कि कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) की विस्तारित बैठक को बुधवार को पटना के सदाकत आश्रम स्थित पार्टी मुख्यालय में हो रही है। राहुल गांधी की हालिया "वोट अधिकार यात्रा" की पृष्ठभूमि में, कांग्रेस की सर्वोच्च नीति निर्धारण संस्था सीडब्ल्यूसी की इस ऐतिहासिक स्थल पर बैठक नवंबर में होने वाले चुनावों को लेकर पार्टी के उत्साह का संकेत मानी जा रही है।

- उदाहरण के लिए, 2020 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 70 टिकट देने पड़े थे, महागठबंधन को, पर, कांग्रेस जीती केवल 19 सीटों पर।
- कांग्रेस का जवाबी तर्क है, उसे अधिकतर वो सीटें दी गई थीं, जिन पर महागठबंधन का जीतना असंभव था। अतः इस बार कांग्रेस का ख्वाब है, चाहे पाँच-सात टिकट कम मिलें, पर वो सीटें मिलें जहाँ वह मजबूत है और जीत सकती है।
- बहरहाल, शायद अभी कांग्रेस व आरजेडी अपने-अपने रास्ते पर अलग-अलग चल रहे हैं।

वस्तुतः यह बड़ा आयोजन एक राजनीतिक दबाव के तरीके के और कुछ नहीं माना जाना चाहिए, जिसका उद्देश्य लालू प्रसाद यादव के राष्ट्रीय जनता दल आरजेडी के साथ सीटों के बंटवारे में अधिकतम और जिताऊ सीटें हासिल करने का अप्रत्यक्ष प्रयास है।

महागठबंधन की उभरती राजनीतिक बारीकियाँ इसकी सूक्ष्म

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# ट्रंप का "वीज़ा खेल" : भारत को शॉर्ट-टर्म परेशानी, पर अमेरिका को दीर्घकालीन नुकसान

## इकॉनमिस्ट, अमेरिका की ग्रोथ को 2 प्रतिशत से घटाकर 1.5 प्रतिशत रहने की आशंका जता रहे हैं

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 सितम्बर। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप का अचानक एच-1बी वीज़ा पर 1,00,000 डॉलर की भारी फीस लगाने का फैसला फिलहाल भारतीय टैक कर्मचारियों को झटका दे सकता है, लेकिन असली बड़ा नुकसान अमेरिका को होने का अंदेशा है। भारत, जहां एच-1बी वीज़ा धारकों की सबसे बड़ी संख्या है, को शुरुआती परेशानी ज़रूर होगी, पर अर्थशास्त्री चेतावनी दे रहे हैं कि इससे अमेरिका को अपनी आर्थिक वृद्धि में रुकावट आने का खतरा है, टैक्नॉलजी में उसकी प्रतिस्पर्धा कमज़ोर हो सकती है और सिलिकॉन वैली के अलावा भी, कई क्षेत्रों को नुकसान पहुँच सकता है। सप्ताहांत में हुई इस घोषणा ने अमेरिका की टैक्नॉलजी दुनिया में अफरा-तफरी मचा दी। विदेशी कर्मचारी देश से बाहर फँस जाने के डर से उड़ानों की तलाश में जुट गए, जबकि सिलिकॉन वैली की कंपनियों ने कर्मचारियों को यात्रा न करने की सलाह दी। कुछ घंटों में ही वाइट हाउस को सफाई देनी पड़ी कि यह फीस सिर्फ नए वीज़ा आवेदनों पर लगेगी और वह भी एक बार की होगी।

- दूसरी ओर, भारत की विशाल जानी-मानी आईटी कंपनियाँ, भारत के आईटी उद्योग टैरिफ से उत्पन्न होने वाली दिक्कतों का सामना करने के लिए काफी समय से तैयारियाँ कर रही थीं।
- उदाहरण के लिए, इन कंपनियों ने अमेरिका में ही स्थानीय वर्क फोर्स तैयार कर ली थी। अतः भारत तत्कालिक पीड़ा को, नई बिजनैस रणनीति, डिलिवरी मॉडल में तब्दीलियाँ करके बर्दाश्त कर लेगा।

( शेष पृष्ठ 5 पर )



## विचार बिन्दु

महान ध्येय का मौन में ही सृजन होता है। –साने गुरूजी

# स्वास्थ्य सेवाओं में हर कहीं खामियां मिली सीएजी की जांच में

सभी लोगों के लिए उत्तम स्वास्थ्य की व्यवस्था करना किसी भी कल्याणकारी शासन की प्रमुख जिम्मेवारी होती है। स्वास्थ्य राज्य के मूलभूत दायित्वों में शामिल है। नागरिकों के स्वस्थ रहने का अधिकार न केवल उनकी व्यक्तिगत भलाई से जुड़ा है बल्कि यह राष्ट्र की प्रगति, उत्पादकता और सामाजिक स्थिरता के लिए भी अनिवार्य है।लेकिन अब स्वास्थ्य और चिकित्सा सेवाएं जिस प्रकार बाज़ार के हवाले की जा रही हैं वह चिंताजनक है। हालांकि भारतीय संविधान के निर्माताओं ने जिस प्रकार स्वतंत्रता, समानता और न्याय को नागरिकों के मौलिक अधिकार बनाया उसी तरह स्वास्थ्य को संविधान में सीधे तौर पर मौलिक अधिकार के रूप में शामिल नहीं किया, लेकिन उन्होंने इसे राज्य की जिम्मेदारी और नीति निर्देशक सिद्धांतों के रूप में प्रमुखता दी। बाद में सर्वोच्च न्यायालय की विभिन्न व्याख्याओं से स्वास्थ्य का अधिकार मौलिक अधिकार के रूप में जरूर प्रतिष्ठित हो गया। सर्वोच्च न्यायालय ने बार-बार यह व्याख्या की है कि 'जीवन का अधिकार' केवल जीवित रहने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार भी शामिल है। गरिमापूर्ण जीवन का अर्थ है कि नागरिकों को न्यूनतम स्वास्थ्य सुविधाएं, स्वच्छ पर्यावरण और सर्वसुलभ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हों। मगर यह अब राज्य के लिए खुद करना दुरूह होता जा रहा है।

संविधान के अनुच्छेद 21(जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार) के साठ अनुच्छेद 39(इ) और 39(एफ)में राज्य को यह निर्देश देते हैं कि श्रमिकों और नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा की जाए और बच्चों को स्वस्थ वातावरण मिले। अनुच्छेद 42 में मातृत्व और प्रसूति संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराना राज्य की जिम्मेदारी मानी गई है। अनुच्छेद 47 में स्पष्ट प्रावधान है है कि राज्य का कर्तव्य है कि वह पोषण स्तर और जीवन स्तर को ऊंचा उठाए तथा जनस्वास्थ्य में सुधार करे।यानी संविधान ने स्वास्थ्य को नीति निर्देशक सिद्धांतों में डालकर इसे राज्य का दायित्व तो बनाया, लेकिन न्यायालय में प्रत्यक्ष रूप से लागू करने योग्य अधिकार नहीं माना। आज व्यावहारिक स्थिति बताती है कि राज्य संविधान निर्देशित इस जिम्मेदारी को पूरी तरह नहीं निभा पा रहा है। योजनाएं तो बनती हैं, लेकिन अकर्मण्य कार्यपालिका उनका प्रभावी क्रियान्वयन करने में असफल रहती है। राज्य सरकार की इस असफलता की सच्चाई राज्य के वित्त प्रबंधन पर निगाह रखने वाली संवैधानिक संस्था भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की नई रिपोर्ट में भी खुल कर सामने आई है।

स्वास्थ्य मानव विकास का एक महत्वपूर्ण संकेतक और आर्थिक एवं सामाजिक विकास का एक आधारभूत घटक है। नागरिकों के अच्छे स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए एक सुदृढ़ सार्वजनिक स्वास्थ्य के ढांचे और स्वास्थ्य सेवाओं का प्रभावी प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है। लेकिन सीएजी की इस नमूना जांच में सामने आया है कि प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक स्वास्थ्य सेवा संस्थानों में डॉक्टरों, विशेषज्ञों, नर्सों और पैरामेडिक्स की कमी है, सरकारी चिकित्सा संस्थानों के आईपीडी में सामान्य शल्य चिकित्सा, बाल रोग, अस्थि रोग और दुर्घटना एवं ट्रॉमा वार्ड जैसी आवश्यक न्यूनतम सुनिश्चित सेवाओं का भी अभावहै, वहां आपातकालीन, गहन चिकित्सा इकाइयों, रक्त बैंकों जैसी सेवाओं में भी कमियां हैं, सरकारी अस्पतालों और जिला औषधि गोदामों में आवश्यक दवाओं की पूरी उपलब्धता नहीं है, चिकित्सा इकाइयों को जारी की गई दवाइयां मांग की गई मात्रा से कम होती हैं, औषधि खरीद के लिए दर अनुबंधों को अंतिम रूप देने में अनावश्यक देरी होती है और क्रय आदेश तब दिए जाते हैं जब बफर स्टॉक निर्धारित बफर स्तर से बहुत नीचे चले जाते हैं, प्रयोगशालाओं से गुणवत्ता परीक्षण रिपोर्टें देरी से मिलती हैं, गुणवत्ता परीक्षण रिपोर्ट के बिनाही स्थानीय स्तर पर दवाइयां खरीद ली जाती हैं, अमानक गुणवत्ता वाली दवाओं का निर्माण करने वाली फर्मों के विरुद्ध कार्रवाई में काफी में शिथिलता होती है और सरकारी संस्थानों में में विभिन्न श्रेणियों में भारतीय लोक स्वास्थ्य मानकों (आईपीएचएस) के अनुसार आवश्यक उपकरण उपलब्ध नहीं हैं। लेखा परीक्षा में राज्य के सरकारी चिकित्सा संस्थानों में पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग शौचालय, बिजली और पीने योग्य पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं के प्रावधान तक में कमियां पाई गईं। सीएजी की रिपोर्ट में यह चिंताजनक जानकारी भी सामने आई है कि राज्य के रेगिस्तानी, आदिवासी और मैदानी इलाकों में स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे की कमी है और राज्य सरकार के पास इस कमी को दूर करने और स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे के लिए कमी वाले क्षेत्रों को प्राथमिकता देने की कोई ठोस योजना नहीं है।

**स्वास्थ्य मानव विकास का एक महत्वपूर्ण संकेतक और आर्थिक एवं सामाजिक विकास का एक आधारभूत घटक है। नागरिकों के अच्छे स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए एक सुदृढ़ सार्वजनिक स्वास्थ्य के ढांचे और स्वास्थ्य सेवाओं का प्रभावी प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है। लेकिन सीएजी की इस नमूना जांच में सामने आया है कि प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक स्वास्थ्य सेवा संस्थानों में डॉक्टरों, विशेषज्ञों, नर्सों और पैरामेडिक्स की कमी है।**

प्रशासन तंत्र की घोर निष्क्रियता को दर्शाती एक और बात लेखापरीक्षा में सामने आई है कि राज्य की चिकित्सा परिषद की न तो संरचना और न ही कार्यप्रणाली राजस्थान चिकित्सा अधिनियम की आवश्यकताओं के अनुरूप है। इसी प्रकार राज्य फार्मेसी परिषद ने भी प्रदेश में फार्मेसी निरीक्षकों की नियुक्ति ही नहीं की है। सवाल उठता है कि इन निकायों द्वारा प्रभावी नियमन सुनिश्चित करने के लिए राज्य चिकित्सा परिषद और राज्य फार्मेसी परिषद के कामकाज की निगरानी प्रशासनिक स्तर पर क्यों नहीं की जाती। भारी भरकम शीर्ष प्रशासनिक अमले के बावजूद इन खामियों के लिए कौन जिम्मेवार है यह सवाल निर्वाचित प्रतिनिधि नहीं पूछते। वे सीएजी की रिपोर्टें शायद ही गौर से पढ़ते हों जो स,वैधानिक प्रावधानों के अनुरूप नियमित रूप से विधान सभा के पटल पर राखी जाती है। चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव इस चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग के प्रशासनिक प्रमुख हैं। उनकी मदद करने के लिए निदेशक (जन स्वास्थ्य) है, जो समग्र योजना बनाने और गतिविधियों की निगरानी के लिए जिम्मेदार हैं। जिला स्तर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएंडएचओ) और ब्लॉक स्तर पर ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी (बीसीएमओ) योजनाओं के प्रशासन और कार्यान्वयन में मदद करते हैं। इसी प्रकार प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा विभाग (डीएमई) के प्रशासनिक प्रमुख हैं और आयुक्त (डीएमई) उनकी सहायता करते हैं, जो सरकारी मेडिकल कॉलेजों और संबद्ध अस्पतालों की गतिविधियों की निगरानी के लिए जिम्मेदार हैं। कॉलेजों के प्रधानाचार्य और नियंत्रक (पी एंड सी) संस्थानों के प्रमुख हैं और योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए जिम्मेदार हैं। मेडिकल कॉलेज से संबद्ध प्रत्येक अस्पताल एक अधीक्षक के प्रभार में कार्य करता है।सभी को मोटा वेतन और साथ में अनेक सुविधाएं मिलती हैं। मगर वे जो परिणाम देते हैं उसकी पोल सीएजी की उस रिपोर्ट में खुलती है मगर किसी का बाल भी बांका नहीं होता।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति ने 2025 तक समयबद्ध तरीके से सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यय को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 2.5 प्रतिशत तक बढ़ाने का प्रस्ताव किया था। इसके अलावाराज्य के स्वास्थ्य क्षेत्र पर खर्च को राज्य के बजट के 8 प्रतिशत से अधिक तक बढ़ाने की भी परिकल्पना की गई है। लेकिन हम पाते हैं कि राज्य सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में स्वास्थ्य व्यय1.08 और 1.36 प्रतिशत के बीच ही रहा, जो दर्शाता है कि 2.5 प्रतिशत का लक्ष्य इस वर्ष तक प्राप्त होने की कोई संभावना नहीं है। इसी प्रकार, कुल व्यय के प्रतिशत के रूप में स्वास्थ्य व्यय 8 प्रतिशत के लक्ष्य के मुकाबले 5.25 और 6.95 प्रतिशत के बीच रहा है। सीएजी की रिपोर्ट यह चिंताजनक आंकड़ा भी देती है कि राज्य में स्वीकृत पदों की संख्या 22,018 के मुकाबले 15,121 चिकित्सक ही उपलब्ध थे। लेखापरीक्षा में यह भी पाया गया है कि राजस्थान सरकार के पास स्वास्थ्य क्षेत्र में भर्ती और स्टाफिंग के लिए कोई दीर्घकालिक योजना नहीं है। सार्वजनिक स्वास्थ्य राज्य का विषय है और राज्यों से अपेक्षा की जाती है कि वे स्वास्थ्य क्षेत्र के विकास का मार्गदर्शन करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति (एनएचपी) की तर्ज पर अपनी नीतियाँ बनाएं। लेकिन लेखापरीक्षा में पाया गया कि राज्य सरकार ने कोई राज्य-विशिष्ट स्वास्थ्य नीति नहीं बनाई है।

लेखापरीक्षा ने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में उपलब्ध धन की निरंतर बचत और अपर्याप्त उपयोग भी पाया है, जो विभागों में अप्रभावी नियंत्रण का संकेत है। 2016-17 से 2021-22 तक चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग और चिकित्सा शिक्षा विभाग के कुल बजट 77,246.20 करोड़ रुपयों में से, व्यय 71,188.81 करोड़ रुपये ही था। 2016-17 से 2021-22 के दौरान स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में पूंजीगत मद में 1,079.11 करोड़ रुपये (18.52 प्रतिशत) और राजस्व मद में 4,978.28 करोड़ रुपये (7 प्रतिशत) की कुल बचत हुई। अर्थात सरकार ने बजट में जितना धन रखा वह पूरा खर्च नहीं हुआ क्योंकि प्रशासनिक तंत्र अपनी जिम्मेवारी से लापरवाह रहा। संवैधानिक संस्था की यह रिपोर्ट बताती है कि शासन का काम जमीनी स्तर पर ठोस परिणामों में नहीं दिख रहा है। स्वास्थ्य केवल व्यक्तिगत मामला नहीं बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय प्रश्न है। यह क्योंकि राज्यों का विषय है इसलिये इसकी जिम्मेवारी राज्य सरकार पर अधिक होती है जो राज्य विधान सभा के प्रति उत्तरदायी होती है। सीएजी की रिपोर्ट विधान सभा के पटल पर रखी जाती है और अपेक्षा की जाती है कि निर्वाचित प्रतिनिधि इसे पढ़ कर उसमें बताई गई खामियों को ठीक करने के लिए आवाज़ उठा कर सरकार को सक्रिय कदम उठाने के लिए मजबूर करेंगे। लेकिन अनुभव बताता है कि निर्वाचित प्रतिनिधियों के पास उन्मादी राजनीति करने के अलावा और किसी में रुचि नहीं होती है। आमजन से जुड़े स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर सदन में खम ठोंकने वाले निर्वाचित प्रतिनिधि कभी गंभीर विमर्श नहीं करते। भारत विश्व शक्ति बनने का सपना देख रहा है। यह सपना तभी साकार हो सकता है जब उसका नागरिक स्वस्थ, सशक्त और सुरक्षित महसूस करे। सार्वजनिक चिकित्सा और स्वास्थ्य सुविधाएं मीडिया प्रचार में नहीं, बल्कि हर नागरिक के जीवन में दिखनी चाहिए।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# बांसवाड़ा में उगेगा सोने का सूरज

## शारदीय नवरात्रि की पावन बेला में विकास का महाशिलान्यास करेंगे पीएम मोदी

शक्ति और साधना के प्रतीक शारदीय नवरात्रि की पावन बेला में राजस्थान का जनजाति बहुल दक्षिणांचल नई ऊर्जा और नए विश्वास का साक्षी बनने जा रहा है। देवी त्रिपुरा सुंदरी की दिव्य छत्रछाया, माही माता की जीवनदायिनी धारा, मानगढ़ के गौरवशाली इतिहास और संत मावजी की पवित्र भूमि पर 25 सितंबर का दिन केवल कैलेंडर की तारीख नहीं, बल्कि भविष्य के उज्ज्वल अध्याय की शुरुआत बनकर दर्ज होगा। इस दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बांसवाड़ा जिले की छोटी सरवन पंचायत समिति के नापला गांव पहुंचकर 1 लाख 22 हजार 441 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। राजस्थान के जनजाति बहुल दक्षिणांचल वागड़ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर हो रहा यह आयोजन एकात्म मानववाद और अंत्योदय के आदर्शों को नई ऊर्जा देगा, मानो देवी की आराधना और विकास का संकल्प एक साथ साकार हो रहे हों।

**राजस्थान सरकार का दूरदर्शी सहयोग :-**प्रधानमंत्री की इस ऐतिहासिक यात्रा को सफल बनाने में राजस्थान सरकार और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की भूमिका विशेष रूप से उल्लेखनीय है। मुख्यमंत्री ने स्वयं नापला गांव और आयोजन स्थल का दौरा कर तैयारियों का गहन निरीक्षण किया। मंच निर्माण, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, चिकित्सा सहायता, यातायात प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण से लेकर हर व्यवस्था को उच्च स्तर पर सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। राज्य सरकार ने परियोजना के लिए आवश्यक भूमि अधिग्रहण, पर्यावरणीय स्वीकृतियां और बुनियादी ढांचे के विकास में त्वरित कार्रवाई कर केंद्र की योजनाओं को गति दी। मुख्यमंत्री ने इसे केवल एक परियोजना नहीं, बल्कि दक्षिण राजस्थान के जनजातीय अंचल को आत्मनिर्भर बनाने का युगांतकारी कदम बताया है।

प्रधानमंत्री मोदी इस अवसर पर प्रदेश की दूसरी और देश की महत्वपूर्ण परमाणु ऊर्जा परियोजना माही बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा परियोजना का शिलान्यास करेंगे। लगभग 42,000 करोड़ रुपये की लागत वाली यह परियोजना 2800 मेगावाट की क्षमता वाली होगी, जिसमें 700-700 मेगावाट की चार अत्याधुनिक इकाइयां शामिल हैं। बांसवाड़ा जिले की छोटी सरवन तहसील के आड़ीभीत, बारी, कटुम्बी, सजवानिया और रेल गांवों में बनने वाली यह परियोजना प्रेशराइज्ड हैवी वाटर रिएक्टर तकनीक पर आधारित होगी, जो ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के बिना स्वच्छ बिजली उत्पादन में सक्षम है। यह परियोजना केवल बिजली का स्त्रोत नहीं, बल्कि प्रकृति और प्रगति के बीच सामंजस्य का प्रतीक होगी।

**ये कार्यक्रम भी हैं प्रस्तावित :-**निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बांसवाड़ा से 1 लाख 22 हजार 670 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन कर राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री राजस्थान को 42 हजार करोड़ रुपए की माही बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा परियोजना सहित 1 लाख 8 हजार 468 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं और विकास कार्यों की सौगात देंगे। वे इस अवसर पर राजस्थान सरकार के 30 हजार 339 करोड़ रुपए से अधिक के 48 विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण भी करेंगे। इस मौके पर 15 हजार युवाओं को सरकारी नौकरियों के नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। प्रधानमंत्री कार्यक्रम के अंत में पीएम कुसुम योजना के विभिन्न लाभार्थियों से संवाद भी करेंगे।

**जनजाति अंचल के सपनों को लगेंगे पंख :-**इस परियोजना से बांसवाड़ा को दुनिया के परमाणु ऊर्जा मानचित्र पर नई पहचान मिलेगी। इस परियोजना के निर्माण और संचालन के दौरान हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा, तकनीकी प्रशिक्षण के अवसर खुलेंगे और आसपास के व्यवसायों को नई दिशा मिलेगी। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और दक्षिण राजस्थान का जनजातीय अंचल आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेगा। यह केवल रोजगार की गिनती नहीं, बल्कि उन सपनों का उत्सव है, जो पीढ़ियों से अवसर की राह देख रहे थे। राजस्थान सरकार ने परियोजना से जुड़े स्थानीय रोजगार प्रोत्साहन, कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र और औद्योगिक इकाइयों के विस्तार की योजनाएं भी तैयार की हैं, ताकि बांसवाड़ा के युवाओं को सीधा लाभ मिल सके।

**भव्य आयोजन, अप्रतिम उत्साह :-**माहीबांध बैकवॉटर की मनमोहक प्राकृतिक छटा के बीच नापला गांव का आयोजन स्थल विकास और आस्था के महाकुंभ में बदल चुका है। प्रधानमंत्री के मंच, वीवीआईपी गैलरी और जनसभा के लिए विशाल डोम और विशेष पंडाल बनाए गए हैं। सुरक्षा के लिए केन्द्रीय सुरक्षा एजेंसियां और राजस्थान पुलिस की संयुक्त टीमें मुस्तैद हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा स्वयं बार-बार स्थल का दौरा कर अंतिम तैयारियों का निरीक्षण कर रहे हैं। शहर और आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। प्रशासन द्वारा आमजन की सुविधा के लिए शटल बस सेवा, पेयजल स्टॉल, चिकित्सा केंद्र और पार्किंग जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। पूरे क्षेत्र में ऐसा उत्साह है मानो यह केवल एक सरकारी आयोजन नहीं, बल्कि पूरे जनजातीय अंचल का अपना पर्व हो।

**श्रद्धा, संस्कृति और विकास का अद्भुत संगम :-**त्रिपुरा सुंदरी की शक्ति, माही माता की पावन धारा और संत मावजी के तपोभूमि की आभा में यह शिलान्यास केवल ऊर्जा परियोजना का आरंभ नहीं, बल्कि विकास और संस्कृति के अद्वितीय संगम का साक्ष्य है। नवरात्रि की आराधना जहां शक्ति और संरक्षण का संदेश देती है, वहीं यह परियोजना हरित ऊर्जा और सतत विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस अवसर को राजस्थान को ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाने वाला ऐतिहासिक पर्व बताते हुए इसे राज्य के उज्ज्वल भविष्य का संकल्प माना है।

**भविष्य के उजाले का व्रत :-** प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा केवल परियोजनाओं की घोषणा नहीं, बल्कि दक्षिण राजस्थान के लिए एक उज्ज्वल भविष्य का व्रत है। यह संदेश है कि जब श्रद्धा, संकल्प और राज्य-केंद्र की साझी प्रतिबद्धता साथ चलें, तो विकास का हर मार्ग सुगम हो जाता है। माही बांध की लहरों पर गूंजती ऊर्जा क्रांति की यह गाथा राजस्थान को वैश्विक ऊर्जा मानचित्र पर स्थापित करेगी और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ ऊर्जा, रोजगार और आत्मनिर्भरता का नया सूरज लेकर आएगी। यह अवसर हमें याद दिलाता है कि शक्ति की उपासना और विकास का संकल्प जब एक साथ फलीभूत होते हैं, तब इतिहास के पन्नों पर स्वर्णिम अध्याय अंकित होते हैं।

**डॉ. कमलेश शर्मा**
**अतिरिक्त निदेशक,**
**जनसंपर्क पुलिस मुख्यालय,**
**जयपुर**

# चुनाव आयोग, नेता प्रतिपक्ष व विपक्षी दल तथा सत्ताधारी दल का अनिर्णीत दंगल



महावीर सिंह

अपने देश में शासन व्यवस्था के लिए कानून बनाने का अधिकार भारत की संसद को है। अपेक्षा यह होती है कि कानून संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप और संवैधानिक प्रक्रियाओं की पूर्ण पालना करके बने।

कानून संविधान के प्रावधानों के अनुरूप है, इसकी जांच परख करने का,कानून की व्याख्या करने का अधिकार भारत के सर्वोच्च न्यायालय को है। यदि कभी ऐसा लगता है कि जो कानून बना है उस में कोई ऐसी कड़ी ओर जुड़नी चाहिए जो कानून को पूर्णता प्रदान करे, तो सुप्रीम कोर्ट ऐसा कर सकता है।

सामान्यत: आम जनता यह मानकर चलती है कि संसद द्वारा जनहित में ही कानून बनाया है। किंतु कई बार कानून बनाते समय ही या बाद में, सरकार के क्रियाकलापों को देख कर जनता सशंकित हो जाती है कि बनाए गए कानून का बेजा दुरुपयोग भी किया जा सकता है।

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने एक निर्णय दिया कि संविधान सभा में हुई बहस का सार यह है कि संसद राज्य विधान सभाओं के लिए चुनाव निष्पक्ष तरीके से हों, कोई शक की गुंजाइश न हो और उसके लिए निष्पक्ष चुनाव आयोग हो। निष्पक्षता से काम के सकने वाले चुनाव आयोग के गठन के लिए, ईमानदार, निष्ठावान, निष्पक्ष चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए संसद कानून बनाए । जब तक यह कार्य पूर्ण न हो तब की अवधि के लिए प्रधानमंत्री, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश वाली कमेटी चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए नाम तय करे।

किंतु जब संसद में कानून बनाया तो उसमें प्रधान मंत्री, उनके द्वारा नामित एक केंद्रीय मंत्री व नेता प्रतिपक्ष को चयन करने वाली कमेटी में रखा। इसका सीधा सा अर्थ है कि जैसा केंद्र सरकार चाहेगी, वैसा ही चुनाव आयोग बनेगा। निष्पक्ष हो भी सकता है अथवा कुछ महत्वपूर्ण निर्णय सत्ता पक्ष की इच्छानुसार भी ले सकता है।

अगर सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को इस चयन समिति में रखा जाता तो देश पर क्या खतरा आ जाता? चलिए मान लेते है,कानून बनाना संसद का अधिकार है और भारत का संविधान में न्यायपालिका व संसद के अधिकार क्षेत्र अलग अलग तय किए हुए है।इसलिए,सामान्यत तर्क यह दिया गया कि संसद व कार्यपालिका के काम में न्याय पालिका का दखल क्यों हो?? तो फिर, कम से कम ऐसा कानून तो बनाते जिसमें जाहिराना तोर पर तो यह नहीं लगे कि मुख्य चुनाव आयुक्त वही बनेगा जिसे सरकार चाहेगी व अर्थात सरकार का मर्जी दान। यह ठप्पा लगा चुनाव आयुक्त बनेंगे, तो, चाहे वह पूर्णत: निष्पक्ष, सक्षम, ईमानदार ही क्यों न हो, उसके कार्यों पर शंका करने की गुंजाइश हमेशा रहेगी।

2023 में संसद में कानून बनाया "मुख्य चुनाव आयुक्त व अन्य चुनाव आयुक्त (--- ) अधिनियम"। कानून में प्रावधान किया की भारत की कोई भी अदालत चुनाव आयुक्तों के खिलाफ उनके कार्यकाल के दौरान किए गए किसी आधिकारिक कार्य, निर्णय, बयान आदि को लेकर, सिविल या अपराध के लिए उनके जीवनकाल में मामला नहीं ले सकती। चुनाव आयुक्त को मुख्य चुनाव आयुक्त की सिफारीश से ही हटाया जा सकता है।

भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त को केवल एक विहित प्रक्रिया द्वारा संसद ही हटा सकती है, वैसे ही जैसे किसी उच्च या उच्चतम बी न्यायालय के न्यायाधीश को तो फिर इस प्रकार के कानून की कहां आवश्यकता थी? मुझे स्मरण नहीं पड़ता कि कभी किसी चुनाव आयुक्त पर चुनाव से संबंधित किसी कार्य के लिए कोई अपराधिक या सिविल मुकदमा चला हो। 2023 से पहले 70 साल में ऐसा कानून बनाकर, इतना प्रोटेक्शन देने की जरूरत क्यों महसूस नहीं हुई??

क्या पहले से अंदेशा था कि जानबूझ कर गलत मतदाता सूचियों के जरिए वोट इधर उधर करने,चुनावी धांधली के मामले उठेंगे और सरकार की मर्जी से नियुक्त चुनाव आयुक्तों के खिलाफ अपराधिक मामले दर्ज हो सकते है?? मान लिया, द्वेषता के कारण कोई ऐसा कर सकता है तो यह प्रोटेक्शन चुनाव आयुक्तों के कार्यकाल तक दिया जाना उचित हो सकता है किंतु यदि इस बात के प्रथम दृष्टया सबूत हों कि किसी चुनाव आयुक्त के निर्देशों पर कोई गलत निर्णय किया गया तो कार्यकाल समाप्ति के बाद मुकदमा क्यों नहीं चले?? लोक सभा में नेता प्रति पक्ष व कुछ अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं ने ऐसे आरोप लगाए है कि मतदाता सूचियों में मनमर्जी से नाम हटाए और जोड़े गए है और अब भी ऐसा किया जा रहा है।

आयोग का कहना है ऐसा किया ही नहीं जा सकता।अभी कर्नाटक की एक विधान सभा आलंद के संबंध में प्रेस के समक्ष एक प्रजेंटेशन में नेता प्रति पक्ष में कहा है कि ऐसा किया गया है। जो कुछ कहा गया उसका सार यह है ----- कि पोलिंग बूथ की वोटर लिस्ट में से कुछ नामों को हटाने की एप्लिकेशन भर के ऑनलाइन, चुनाव आयोग की वेबसाइट पर सब मिट की जाती है। एप्लिकेशन सबमिट करने में कुछ मोबाइल नंबर्स का इस्तेमाल किया गया। उस मोबाइल फोन पर प्रार्थनापत्र सत्यापन के लिए मेसेज जाता है और फिर उस वोटर का नाम हटाया जाता है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा गया कि इस गड़बड़ी का भंडा फूटने पर कर्नाटक चुनाव आयुक्त ने जांच पड़ताल करवाई और पाया कि इस प्रकार के 6 हजार से ऊपर नाम कटवाने के प्रार्थना पत्र दाखिल हुए। जांच में 24 सही पाए गए और बाकी, वास्तव में संबंधित वोटर्स की जानकारी के बिना दाखिल किए गए। कर्नाटक सरकार की पुलिस की CID शाखा में एक एफआईआर दर्ज कराई जिसकी जांच चल रही है।

आरोप यह है कि मुख्य चुनाव आयुक्त कार्यालय से जांच में वांछित सूचनाएं --- ई मेल जिस मेल आईडी से की गई उसका IP एड्स दिया जाए, जिन मोबाइल नंबरों का हवाला प्रार्थना पत्रों में दिया वह मोबाइल नंबर नहीं दिया जा रहे। प्रार्थना पत्र के सत्यापन के लिए जिस मोबाइल नंबर पर मेसेज भेजे वह नंबर तथा ओटीपी भेजे गए होंगे उनका पूरा विवरण अर्थात OTP ट्रेल आदि का पूरा विवरण दिया जाए। चुनाव आयोग के प्रेस नोट दिनांक 19 सितंबर 25 के द्वारा बताया गया है कि CID द्वारा चाही जा रही। समस्त जानकारियां दे दी गई है। वहां जांच में देरी हो रही है।

चुनाव आयोग द्वारा यह भी कहा जा रहा है कि ऐसा संभव नहीं क्यों कि ऑनलाइन किसी मतदाता का नाम हटाया ही नहीं जा सकता।

अभी तक, सार्वजनिक रूप से जो सामग्री सामने आई है, जो विचार विभिन्न लोगों के सामने आए है उनका सार यह है कि--ऑनलाइन नाम हटवाने का प्रार्थना पत्र दिया जा सकता है। यह सब एक संगठित गिरोह भी कही दूर बैठ कर सकता है अर्थात आयोग की वेबसाइट में घुसकर नाम हटवाने का प्रार्थना पत्र दिया जा सकता है। अब सत्यापन के लिए कि आवेदन सही है उसके लिए जिस मोबाइल नंबर का हवाला नाम हटवाने के प्रार्थना पत्र में दिया है उस पर मेसेज व ओटीपी जाएगा। का उपयोग कर यह कनफर्म किया जाएगा कि हां, प्रार्थनापत्र दिया गया है अर्थात एक ओर ईमेल आयोग की वेबसाइट पर गया।

आरोप यह है कि यह सारी कार्यवाही दूरस्थ किसी काल सेंटर से की गई है जिसका संबंधित वोटर को पता ही नहीं अर्थात कोई व्यक्ति किसी दूसरे के नाम को हटवाने के लिए इतनी कार्यवाही तो कर ही सकता है।

इसके पश्चात आता है BLO द्वारा सत्यापन तो जिस प्रकार आवेदन फर्जी तरीके से किया जा सकता है, उसी प्रकार, सत्यापन से संबंधित कार्यवाही बिना वास्तविक मतदाता की जानकारी के क्यों नहीं की जा सकती??? जिस कल सेंटर से आवेदन की कार्यवाही हुई, उस से या दूसरे कल सेंटर से BLO के फर्जी हस्ताक्षरों से सत्यापन रिपोर्ट्स अपलोड कर दीजिए। सारी प्रक्रिया से सही वोटर व सही BLO को कुछ पता ही नहीं चलेगा।

आयोग से पूछा जा रहा है कि इस फर्जी प्रक्रिया में जिस जिस सोर्स से मेल आयोग की वेब साइट पर अपलोड हुए और जहां जहां आयोग से मेल गए उन के ओरिजिन व डेस्टिनेशन के एड्रेस व जहां जहां आयोग से ध्ऊइ गए उनकी पूरी ट्रेल जांच अधिकारी को दी जाए ताकि यह साफ हो की यदि फर्जीवाड़ा हुआ है तो उसके सोर्स कहां है। नं. ---- आयोग की ओर से पैरवी कर्ताओं का कहना है कि सारी समारी कर्नाटक सरकार की CID को दे दी। इसके विपरीत जांच करने वालों व आरोप लगाने वालों का कहना है जांच में आवश्यक पूरी जानकारी तथा फर्जी आवेदन करने वालों व आगे की कार्यवाहियों के स्त्रोतो का पता चले ऐसी जानकारी नहीं दी गई है?

चलिए,यह तो आरोप प्रत्यारोप हुए किंतु क्या आयोग को इसकी त्वरित निष्पक्ष जांच नहीं करनी चाहिए कि उस की वेबसाइट में अवैध तरीके से घुश के इस प्रकार की कार्यवाही की जा सकती है क्या और यदि की गई है तो क्या उचित समाधान नहीं करना चाहिए और जनता को नहीं बताना चाहिए??

क्या जन हित में, इस सारी फर्जी कार्यवाही का पता चलते ही,स्वयं केंदीय चुनाव आयोग द्वारा केंद्र सरकार से किसी सक्षम केंद्रीय जांच एजेंसी से जांच करवाने का अनुरोध करना ज्यादा उचित नहीं होता? चुनाव आयोग को जनता को बताना चाहिए कि चुनाव आयोग में सिर्फ एक दर्ज करवाने के ओर क्या क्या प्रयास ऐसी घटनाओं की पुनरावृति रोकने के लिए किए।

अब एक दो प्रश्न पाठकों के लिए ::-- मतदाता सूचियां बनाता है चुनाव आयोग, आरोप लगाए जा रहे है आयोग पर तो फिर कुछ असंबद्ध लोग या राजनीतिक पार्टियां मिनटों में ही आयोग का बचाव करने क्यों आ जाते है,मानों की उन्हें सब कुछ पहले से ही मालूम हो। क्या आयोग कोई असहाय नाबालिग बालक जो बाहरी चौधरियों से सहायता का मोहताज है?

बिहार की मतदाता सूचियों के SIR के संबंध में आयोग में सुप्रीम कोर्ट में जिस प्रकार से अपना बचाव किया तो सामान्य व्यक्ति प्रथम दृष्टया यह नहीं सोचेगा कि कहीं कुछ झोल है क्या??

अगर देश की बड़ी राजनीतिक पार्टियां कोई बात कहती है तो तसल्ली से उनकी बात पर गौर करके उन्हें अपना पक्ष रखने के बजाए आयोग अपने बचाव व आरोप लगाने वालों पर आक्रामक मुद्रा में क्यों आ जाता है?

**–महावीर सिंह, पूर्व आईएएस**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**बुधवार 24 सितम्बर, 2025**


आश्विन मास, शुक्ल पक्ष, तृतीया तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2082, चित्रा नक्षत्र सायं 4:17 तक, ऐन्द्रयन योग रात्रि 9:02 तक, तैतिल करण सायं 5:59 तक, चन्द्रमा आज तुला राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कन्या, चन्द्रमा-तुला, मंगल-तुला, बुध-कन्या, गुरू-मिथुन, शुक्र-सिंह, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।

आज राजयोग सायं 4:17 तक है। रवि योग सायं 4:17 से आरम्भ होगा। आज से रवि-उलसानि मु. मास 4 आरम्भ होगा।


**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:14 तक, शुभ 10:49 से 12:19 तक, चर 3:19 से 4:58 तक, लाभ 4:58 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 6:20, सूर्यास्त 6:19




**मेष**

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।




**वृष**

मित्रों/रिश्तेदारों से चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**मिथुन**

परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज समय रचनात्मक कार्यों में व्यतीत होगा।




**कर्क**

घर-परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।



**सिंह**

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।




**कन्या**

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।




**तुला**

यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। परिवार में चल रहे मतभेद दूर होने लगेंगे।



**वृश्चिक**

घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आज समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है।



**धनु**

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे।



**मकर**

व्यावसायिक कार्यों में आ रही परेशानियां दूर होने लगेगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**कुंभ**

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**मीन**

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में परेशानी हो सकती है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा में दुर्घटना का भय है।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

हिण्डौनसिटी

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

हिण्डौनसिटी, बुधवार 24 सितम्बर, 2025



# एफ.आई.आर. पर एफ.आर. एफ.आर. फिर एफ.आर., आखिर माजरा क्या है ?

**निति अनुसार एक अपराधिक मामले की जांच के लिए तीन बार जांच अधिकारी बदला जा सकता है। परन्तु, नवीन चौधरी की एफ.आई.आर की जांच में आखिर कब तक जांच अधिकारी नियुक्त किये जायेंगे ?**

-कार्यालय संवाददाता-

- **नवीन चौधरी की एफ.आई आर सीकर रोड़ पर बनी गिरधर कॉलोनी के प्लॉट नम्बर विवाद से सम्बन्धीत है।**
- **हैरानी की बात है कि जेडीए के आदेश अनुसार स्वयं नवीन चौधर ही उक्त जमीन के कब्जा धारी है और रिहायशी जमीन पर अवैध तरीके से शादी का हॉल और भोजनालय चला रहे है।**

**जयपुर।** सीकर रोड, गिरधर कॉलोनी के निवासी, नवीन चौधरी, द्वारा एक जमीन के विवाद पर 13 जुलाई 2023 को मुरलीपुरा थाना, जयपुर, में कराई गई एफ.आई.आर. का मामला, किसी भी अन्य जमीनी विवाद में संबंधित एफ.आई.आर. से ज्यादा रोचक साबित हो रहा है। नवीन चौधरी की एफ.आई.आर. संख्या 365 पब्लिक 2023 का मामला रोचक इसलिए है कि इस मामले में पिछले ढाई वर्ष से तीन जांच अधिकारियों ने रिपोर्ट पेश करी है, जिसमें से पहले जांच अधिकारी का रिपोर्ट में स्पष्ट कहना था, कि दर्ज कराई गई एफ.आई.आर. में मामले को केवल सिविल स्वरूप का बताया गया और मामले पर एफ.आर. लगा दी गई। इसके बाद एक अन्य जांच अधिकारी ने इस मामले में आपराधिक मामला होने व उसकी जांच होने की पुष्टि करें, परंतु जांच अधिकारी का तबादला हुआ और मामले की जांच पर एफ.आर. लगा दी गई। तत्पश्चात एक तीसरी जांच अधिकारी ने इस मामले की जांच करी और इसे सिविल स्वरूप का बताया और किसी आपराधिक तत्व नहीं पाए जाने के कारण मामलें में पुनह एफ.आर. लगाई।

गौर फरमाने योग्य है कि इस मामलें में तीन बार एफ.आर. लगने के बाद शिकायतकर्ता नवीन चौधरी ने पुलिस प्रशासन की दया दृष्टि पाते हुए इस एफ.आई.आर. की जांच के लिए चौथी बार एक जांच अधिकारी की नियुक्ति कराए जाने और एफ.आर. हटाने में सफलता प्राप्त की।

परंतु सवाल यह है कि एक मामले की जांच कितने जांच अधिकारी कर सकते हैं और क्या तीन बार एफ.आर. लगने के बाद भी पुलिस प्रशासन मामले को पुन खोलने और जांच करने के लिए जांच अधिकारी नियुक्त कर सकते हैं। इस संदर्भ में राजस्थान सरकार के गृह विभाग में 1 जनवरी 2019 को एक नीति जारी करी थी, इस नीति में स्पष्ट लिखा है, कि "एक प्रकरण में किसी भी परिस्थिति में समस्त अधिकारियों द्वारा अनुसंधान अधिकारी का परिवर्तन कुल मिलाकर तीन बार से अधिक नहीं किया जा सकेगा।" इस नीति में आगे लिखा है कि "उक्त तीन अनुसंधान अधिकारियों की गणना में प्रथम अनुसंधान अधिकारी की भी गणना की जाएगी।"

राज्य सरकार द्वारा इस नीति का गठन किया जाना तर्कसंगत और लाज़मी इसलिए भी लगता है कि एक एफ.आई.आर. की जांच अनंत समय और अनगिनत जांच अधिकारियों द्वारा नहीं की जा सकती है, परंतु नवीन चौधरी की एफ.आई.आर. के मामले में इस स्पष्ट नीति का उल्लंघन क्यों किया जा रहा है ।

क्या शिकायतकर्ता की मनमर्जी की रिपोर्ट ही इस फिर की जांच को पूर्ण कर सकती है? क्योंकि तीन बार इस मामले में जांच के बाद फर लग चुकी है और एफ.आर. में दर्ज आरोप सिद्ध करने के लिए तथ्य उपलब्ध नहीं हो पाए हैं, इस मामले का सबसे रोचक तथ्य यह है, कि जिस जमीन पर चल रहे विवाद को लेकर यह एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई है ।

वह जमीन सीकर रोड, पर गिरधर कॉलोनी का प्लॉट नंबर चार है और इस रिहाई सी प्लॉट पर स्वयं जेडीए ने जांच कर पाया है, कि नवीन चौधरी ही बिना अनुमति एवं स्वीकृति के करीब 2300 वर्ग गज में एक चार बाग के नाम से रेस्टोरेंट में बैंक्वेट हॉल का अवैध निर्माण कर व्यावसायिक संचालन कर रहे हैं। जीडीए ने अपने आदेश में स्पष्ट लिखा है कि, यह निर्माण बिल्डिंग बाय लॉज का उल्लंघन होने के अलावा अवैध में अनाधिकृत है और इस प्लॉट पर स्वयं नवीन चौधरी का ही कब्जा हैं।

दरअसल इस जमीन को नवीन चौधरी ने श्रीनाथ कृपा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ मिलकर रिहायशी कॉम्पलेक्स बनाने का अनुबंध किया था, इस अनुबंध के अनुसार डेवलपर द्वारा रिहायशी कॉम्पलेक्स के निर्माण हेतु रकम मुहैया कराई जा रही थी और जमीन देने के आवाज में नवीन चौधरी को रिहायशी परिसर में फ्लैट मिल रहे थे। दोनों डेवलपर और नवीन चौधरी ने मिलकर एक कंपनी का भी गठन किया था, जो निर्माण कार्य को पूर्ण करती।

परंतु नवीन चौधरी द्वारा ही जमीन का कब्जा नहीं कंपनी को नहीं दिया गया और पुलिस प्रशासन की मदद से इस मामले में वर्ष 2023 में एफ.आई.आर. दर्ज कराई। जिसमें तीन बार एफ.आर. लगने के बाद भी पुन जांच अधिकारी नियुक्त किया जा रहा है।

# छात्रों से मारपीट करने वाले छह जने गिरफ्तार

**जयपुर।** शिप्रापथ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए टैगोर कॉलेज के छात्रों से मारपीट करने वाले हमलावरों को गिरफ्तार किया गया है।

वहीं एक नाबालिग को बाल सुधार को निरूद्ध कर गृह भेजा गया है। बदमाशों ने मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किया था। इसके बाद पांचों युवकों की इंस्टाग्राम आईडी और मोबाइल नंबर ट्रेस कर पहचान के बाद पकड़ा।

शिप्रापथ थानाधिकारी राजेंद्र गोदारा ने बताया कि शिप्रापथ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए टैगोर कॉलेज के छात्रों से मारपीट करने वाले हेमंत मीणा निवासी अलवर,सुमित शर्मा निवासी अलवर मनीष कुमार मीणा निवासी अलवर,सौरभ मीणा उर्फ गोलू मीणा निवासी दौसा और जयशिव सैनी निवासी दौसा को गिरफ्तार किया गया है और एक एक बाल अपचारी निरुद्ध कर बाल सुधार गृह भेजा गया है। वहीं पांचों जयपुर में पीजी में कमरा लेकर रहते।

मारपीट की घटना 20 सितंबर की थी। टैगोर कॉलेज में पढ़ने वाले भावेंद्र कुमार (22) निवासी बाड़मेर ने मामला दर्ज करवाया था कि वह अपने दोस्त विनोद के साथ बाइक पर अपने कमरे से जा रहा था। टैगोर स्कूल के सामने 4-5 लोगों ने बाइक रुकवाकर अचानक से लाठी और सरिया से मारपीट करना शुरू कर दिया।

## आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर।** करधनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पत्नी के सामने पति की चाकू से गोद कर हत्या करने वाले एक आरोपित को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) हनुमान प्रसाद शर्मा ने बताया कि करधनी थाना इलाके में सरना डूंगर रीको एरिया (मेटल फैक्ट्री) में काम करने वाले रवि कुमार की बीस सितंबर को दो मजदुरो ने चाकू घोंपकर हत्या की गई थी। इस मामले में पुसि ने हरिशंकर कुशवाह(20) निवासी कुलपाडा जिला महुबा (यूपी) हाल करधनी को गिरफ्तार किया गया हैं और वहीं एक अन्य आरोपित आशीष निवासी कुलपाडा जिला महुबा (यूपी) की तलाश की जा रही है इस मामले रवि कुमार की पत्नी निर्मला ने पति की हत्या का मामला दर्ज करवाया था कि वह रवि निवासी गांव कानसिंहपुरा जिला झुंझुनूं के साथ छह साल से लिव इन में रह रही हैं। तीन साल से रवि मेटल कंपनी में काम कर रहे था।

# डाक विभाग भर्ती में फर्जी मार्कशीट से नौकरी पाने वाले गिरफ्तार



**फर्जी मार्कशीट के आधार पर नौकरी प्राप्त करने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया।**

**जयपुर।** भारतीय डाक विभाग में नौकरी पाने के लिए फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल करने वाले एक बड़े रैकेट का खुलासा हुआ है। जहां अलवर पुलिस ने ग्रामीण डाक सेवक (जीडीएस) के पद पर फर्जी मार्कशीट के आधार पर नौकरी प्राप्त करने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई तब की गई जब डाक विभाग की आंतरिक जांच में इन दस्तावेजों के फर्जी होने का पता चला। एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि साल 2022 में हुई भर्ती प्रक्रिया में 10वीं कक्षा के अंकों के आधार पर नियुक्ति दी गई थी। नियुक्ति के बाद जब डाक विभाग ने सफल उम्मीदवारों के दस्तावेजों की जाँच करवाई तो हितेश कुमार, साहिल, मनीषा नैना, शैलेन्द्र कुमार और पिंटू कुमार जैसे कुछ लोगों ने तमिलनाडु के चेन्नई बोर्ड की जाली मार्कशीट जमा करने का पता चला।

इस मामले में पहले हितेश कुमार को गिरफ्तार किया गया था। अब पुलिस ने शैलेन्द्र कुमार निवासी मुड़िया खेड़ा, खैरथल-तिजारा को भी गिरफ्तार किया है, जिसने बताया कि उसने यह फर्जी मार्कशीट अपने दोस्त संदीप यादव के माध्यम से प्राप्त की थी। संदीप यादव को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। संदीप ने स्वीकार किया कि उसने एक कोचिंग सेंटर के संचालक से अपने और शैलेन्द्र के लिए फर्जी अंकतालिकाएं बनवाई थीं।

# उपमुख्यमंत्री ने बच्चों के साथ देखी मोदी जी की डॉक्यूमेंट्री

**ायपुर ।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अउपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कच्ची बस्ती के बच्चों के साथ देखी मोदी जी की डॉक्यूमेंट्री ाज कच्ची बस्ती के बच्चो के साथ आत्मीय भाव के साथ मुलाक़ात की । दिया कुमारी को अपने पास देखकर कच्ची बस्ती के बच्चो के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिली । उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने ट्राइटन माल में बच्ची के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के बचपन पर बनी डॉक्यूमेंट्री भी देखी ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बचपन पर बनी डॉक्यूमेंट्री में संदेश दिया की अगर हम अपने जीवन को दूसरी की ख़ुशी के लिए समर्पित करते है तो उसका कितना अच्छा परिणाम निकल कर आता है । बच्चो ने भी डॉक्यूमेंट्री देखकर इस शिक्षा को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया ।इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के बचपन से जुड़ी यह डॉक्यूमेंट्री सिर्फ़ बच्चों के लिए ही नहीं, बल्कि हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इसमें जो संदेश दिया गया है-दूसरों की खुशी के लिए काम करना ही सबसे बड़ा सुख है-उसे हमें अपने जीवन में जरूर अपनाना चाहिए।उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश और प्रदेश के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं।और हम सबको भी उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चलना चाहिए।

# स्वास्थ्य शिविरों में 37 लाख से अधिक लोगों को मिला लाभ

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर देशभर में चलाए जा रहे स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान से लाखों लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल रहा है। राजस्थान में भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन में प्रदेशभर में 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' अभियान प्रतिबद्धता के साथ संचालित कर आमजन को लाभान्वित किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से प्रदेश में अब तक 37 लाख से अधिक लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं से लाभान्वित किया जा चुका है। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा है कि आमजन को अपने नजदीकी स्थान पर सुगमतापूर्वक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने एवं विभिन्न रोगों की स्क्रीनिंग कर उपचार एवं परामर्श सेवाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' अभियान का आयोजन किया गया है। इसके तहत मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष रूप से फोकस किया गया है, ताकि हमारी माताएं-बहनें स्वस्थ रहें और आने वाली पीढ़ी भी स्वस्थ एवं सुरक्षित हो। राजस्थान इस अभियान में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर रहा है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासनर सचिव राठौड़ ने बताया कि अभियान के तहत राजस्थान बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

# फूड सेफ्टी टीम ने किया 884 लीटर नकली घी सीज

**जयपुर ।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान डॉक्टर टी शुभमंगला के निर्देश पर प्रदेश में चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत मंगलवार को सीएमएचओ जयपुर प्रथम की फूड सेफ्टी टीम ने चांदपोल बाज़ार स्थित अग्रवाल रोड लाइंस पर कार्यवाही कर 884 लीटर नकली घी सरस, कृष्णा, लोटस, गोरस ब्रांड सीज किया । सीएमएचओ जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि इस फर्म का निरीक्षण करने पर ज्ञात हुआ कि पैकिंग पर संदेह होने पर समस्त स्टॉक चेक करने पर सरस, लोटस,कृष्णा,गोरस के प्रतिनिधियों को मौके पर बुलाया गया। जिसमे सरस, कृष्णा, लोटस और गोरस घी के प्रतिनिधियों ने मौके पर उपस्थित हुए और अपने घी उत्पादों को मौके पर नकली होना बताया। टीम ने मौके से उक्त सभी घी कंपनियों के छह नमूने घी के लिए और मिलावट के संदेह में 884 लीटर घी सीज किया। ज्ञात हुआ कि यह घी नावा, कुचामन, परबतसर, मकराना और अन्य स्थानों पर बिकवाली के लिए जाता था नमूनों की लैब रिपोर्ट प्राप्त होने पर तदनुसार खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियम 2011 के अनुसार सख्त अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेन्द्र सिंह, पवन गुप्ता एवं विशाल मित्तल शामिल रहे। मौके पर अग्रवाल रोड लाइंस के मालिक अरुण कुमार जैन ने उक्त माल कहां से किस पार्टी द्वारा आगे भिजवाया जाना है की जानकारी नहीं होने बाबत अवगत करवाया।

# 'निशुल्क यूनिफॉर्म योजना में ओ.बी.सी. व ई.डब्लू.एस. छात्राओं को पुनः शामिल करे'

**जयपुर।** आल इंडिया ओ बी सी कांग्रेस नेता एवं स्टेट ओ बी सी एडवाइजरी काउंसिल के सदस्य राजेन्द्र सेन ने राजस्थान सरकार द्वारा पहली से 8वीं तक के सामान्य-ओबीसी के 15 लाख छात्र और 9 से 12वीं तक की 12 लाख छात्राएं को निशुल्क यूनिफार्म योजना से बाहर करने का विरोध करते हुए सरकार को चेताया है कि गरीब और ओ बी सी समाजो की छात्राओं को निधुल्क यूनिफार्म योजना के तहत निशुल्क यूनिफार्म देना जारी रखे वरना आने वाले पंचायत और निकाय चुनावों में इन छात्राओं के द्वारा घर घर, गांव गांव, ढाणी ढाणी विरोध दर्ज कराया जायेगा

सेन ने बताया कि शिक्षा विभाग विद्यार्थियों से जुड़ी योजनाओं में लगातार कटौती कर रहा है।

# मेजर दलपत सिंह के बलिदान दिवस पर उपमुख्यमंत्री ने श्रद्धांजलि दी

**जयपुर ।** राजस्थान की वीर भूमि के अमर सपूत हाइफा हीरो मेजर दलपत सिंह के बलिदान दिवस पर विद्याधर नगर स्थित रावना राजपूत भवन में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विशेष रूप से उपस्थित होकर मेजर दलपत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बलिदान को याद किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा,"मेजर दलपत सिंह का बलिदान केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक महान प्रेरणा है। उन्होंने इजराइल के हाइफा शहर को आजादी दिलाकर भारत ही नहीं, बल्कि राजस्थान का नाम भी वैश्विक मानचित्र पर गौरवान्वित किया है।" उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में वर्तमान सरकार शहीदों और महापुरुषों के सम्मान में कई योजनाएं चला रही है। इन प्रयासों से नई पीढ़ी में देशभक्ति की भावना और इतिहास के प्रति सम्मान लगातार बढ़ रहा है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने हाइफा हीरो मेजर दलपत सिंह स्मृति शिक्षण संस्थान का भी अनावरण किया। यह संस्थान आने वाली पीढ़ियों को न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करेगा, बल्कि उन्हें अपने गौरवशाली इतिहास से भी जोड़ेगा। कार्यक्रम में महिलाओं ने उपमुख्यमंत्री का स्वागत51 किलो की फूलों की मालापहनाकर किया। यह सम्मान समाज की ओर से उनके योगदान और प्रयासों के लिए था।दिया कुमारी ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा।

उन्होंने महिलाओं, बच्चों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया।कार्यक्रम में संयोजकरणजीत सिंह,मोहन सिंह हाथोज,गुमान सिंह जोधा,गिरवर सिंह शेखावत,श्याम सिंह चोहान,महिपाल सिंहसहित समाज के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**अग्रसेन जयंती शोभायात्रा में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने की शिरकतः-** अग्रसेन जयंती के अवसर पर मंगलवार को सीकर रोड पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने भाग लिया। उन्होंने पूजा-अर्चना कर शोभायात्रा को रवाना किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के पुरुषों और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिया कुमारी ने कहा कि अग्रवाल समाज सदैव सेवा कार्यों और धार्मिक आयोजनों में अग्रणी रहा है। उन्होंने कहा, चाहे सेवा भवनों का निर्माण हो या शोभायात्राएं, समाज ने हमेशा एकजुटता और सौहार्द का परिचय दिया है।उपमुख्यमंत्री ने भगवान महाराजा अग्रसेन जी को समाजवाद और संतुलित व्यवस्था का प्रतीक बताते हुए कहा कि उनके आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणादायक हैं।इस मौके पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी में रियायतों का उल्लेख करते हुए कहा, इस फेस्टिवल सीजन में जीएसटी को सरल और जनउपयोगी बनाया गया है, जिससे व्यापारियों पर करों का बोझ कम होगा और आम जनता को भी वस्तुएं सस्ती दरों पर उपलब्ध होंगी।

## नौकरी दिलाने के बहाने विवाहिता से दुष्कर्म

**जयपुर।** बगरू थाना इलाके में नौकरी दिलाने के बहाने होटल में बुलाकर एक विवाहिता से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

पुलिस के अनुसार भांकरोटा की रहने वाली 35 वर्षीय विवाहिता ने मामला दर्ज करवाया है कि कुछ समय पहले आरोपित युवक से उसकी मुलाकात हुई थी। होटल में नौकरी दिलाने का झांसा देकर मिलने का दबाव डाला। 21 सितंबर को बगरू इलाके में स्थित एक होटल में नौकरी दिलाने के बहाने मिलने बुला कर दुष्कर्म किया। होटल से जाते समय किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पडताल में जुटी है वहीं श्याम नगर थाना इलाके में 19 वर्षीय एक लड़की से दुष्कर्म की कोशिश करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि आरोपित रिश्तेदार मिलने के बहाने घर आया था। पुलिस ने मामला दर्ज जांच में जुटी है।

# मानसिक स्वास्थ्य विषय को पाठ्यक्रम में शामिल करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे : हाईकोर्ट

- **अदालत ने शिक्षण संस्थाओं में मनोवैज्ञानिक परामर्शदाताओं की नियुक्ति करने को लेकर भी जानकारी पेश करने को कहा है**

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने केन्द्र और राज्य सरकार सहित यूजीसी से पूछा है कि मानसिक स्वास्थ्य विषय को पाठ्यक्रम में शामिल करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। इसके साथ ही अदालत ने शिक्षण संस्थाओं में मनोवैज्ञानिक परामर्शदाताओं की नियुक्ति करने को लेकर भी जानकारी पेश करने को कहा है। अदालत ने मामले में शिक्षा मंत्रालय, प्रमुख शिक्षा सचिव, शिक्षा निदेशक और यूजीसी सहित सीबीएसई को नोटिस जारी कर जवाब तलब भी किया है।

जस्टिस एसपी शर्मा और जस्टिस संजीत पुरोहित की खंडपीठ ने यह आदेश सुजीत स्वामी व अन्य की ओर से दायर जनहित याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता अमित दाधीच ने अदालत को बताया कि सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत मिली जानकारी के अनुसार साल 2015 से 2023 तक कोटा, बारां और झालावाड में 12 से तीस साल के 1799 लोगों ने आत्महत्या की। वहीं 2021 से गत मार्च माह तक दस से तीस साल की उम्र के सीकर में 464, जयपुर दक्षिण में 172 और जोधपुर पूर्व में 187 सहित अन्य जगहों में दर्जनों लोगों ने आत्महत्या की है।

इसके अलावा एनसीआरबी की साल 2022 की रिपोर्ट के अनुसार देशभर में सात फीसदी से अधिक आत्महत्या छात्रों से संबंधित है। वहीं 2 फीसदी से अधिक किशोर अपराध दर भावनात्मक तनाव से जुडी है। याचिका में कहा गया कि शैक्षिणक संस्थानों में न तो मानसिक स्वास्थ्य केन्द्र बने हैं और ना ही मनोवैज्ञानिक परामर्शदाताओं की नियुक्ति की गई है।

इसके अलावा मानसिक स्वास्थ्य विषय को पाठ्यक्रम में भी शामिल नहीं किया गया है। जबकि यदि शैक्षिणक संस्थानों में ही विद्यार्थियों को मानसिक दबाव से निपटने के लिए तैयार किया जाए तो आत्महत्याओं पर काफी हद तक कमी लाई जा सकती है।

याचिका में गुहार की गई है कि सभी शैक्षिणक संस्थानों में अगले छह माह में प्रशिक्षित परामर्शदाताओं की नियुक्ति के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना की जाए। वहीं आयु और कक्षा अनुसार मानसिक कल्याण पाठ्यक्रम भी लागू किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करते हुए इस संबंध में उठाए जा रहे कदमों की जानकारी मांगी है।

# गहलोत महसूस कर रहे है राजनीतिक असुरक्षा, भूल गए विपक्ष का धर्म : सतीश पूनिया

**जयपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने अशोक गहलोत के बयान पर तिखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि गहलोत राजनीतिक असुरक्षा महसूस कर रहे है और विपक्ष की भूमिका सही तौर पर नहीं निभा पा रहे। सिर्फ सुर्खियों में बने रहने के लिए

- **गहलोत सहन नहीं कर पा रहे सामान्य परिवार के व्यक्ति का मुख्यमंत्री बनना, वे मुख्यमंत्री की कुर्सी पर समझते है फंडामेंटल राइट्स : सतीश पूनिया**



**भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने प्रेस वार्ता आयोजित की।**

इस तरह के अनर्गल बयानबाजी कर रहे है। विपक्ष में रहने के बावजूद गहलोत एक आंदोलन तक नहीं कर पाएं, अगर उनको विपक्ष की भूमिका निभाने के लिए कॉचिंग की जरूरत है तो मैं देने को तैयार हूं। पूनिया ने कहा कि गहलोत अब बे-सिर पैर की बातें कर रहे है। इतने बड़े राजनीतिक कद वाले व्यक्ति अगर बे-सिर पैर की बातें करते है तो समझ से परे है। आखिर गहलोत क्या करना चाहते है यह समझ से परे है, वे विपक्ष का धर्म तक भूल गए है। उनकी बातों से ऐसा प्रतित होता है कि गहलोत एक सामान्य परिवार से आने वाले व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनने की बात सहन नहीं कर पा रहे। गहलोत मुख्यमंत्री की कुर्सी पर अपना फंडामेंटल राइट्स समझते है।

भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा कि गहलोत ने आज अपने कालखंड को याद दिला दिया, गहलोत के कार्यकाल में राजस्थान महिला अपराध, दुष्कर्म, बच्चों की तस्करी, पेपरलीक में देश में नंबर वन था। गहलोत के कार्यकाल में राजस्थान में रोज 17 दुष्कर्म की वारदात हो रही थी, 8 हत्याएं रोज हो रही थी, 2018 से लेकर 2023 तक कानून व्यवस्था पूर्ण रूप से चरमरा गई थी। इन्होंने राजस्थान जैसे शांति प्रिय प्रदेश में 10 प्रतिशत अधिक सांप्रदायिक दंगे करवा दिए। कोरोनाकाल में जहां रोज 162 मौतें हो रही थी, इनकी सरकार बाड़े में बंद थी, अपने ही पार्टी के वरिष्ठ नेता के खिलाफ राजद्रोह जैसा मुकदमा दर्ज करवाने वाले गहलोत की प्रेसवार्ता सिर्फ दिखावटी थी, हकीकत तो वे अपने ही नेताओं को उजागर कर रहे थे। गहलोत घूम फिरकर 2020 में चले जाते है। राजस्थान में अपराध, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, पेपरलीक जैसे मामलों के चलते गहलोत जी को सत्ता से बाहर जाना पड़ा था।

पूनिया ने कहा कि उनकी बातें सुनकर ऐसा लगता है कि काम कुछ करना नहीं और अखबारों की सुर्खियों में अपनी पार्टी को जिंदा रखने के लिए बयानबाजी करते है। कांग्रेस पार्टी की फितरत है कि सत्ता से बाहर होने पर उनको कुछ समझ नहीं आता।उन्होंने कहा कि कन्हैयालाल हत्याकांड पर सवाल उठाने वाले गहलोत भूल गए कि यह अपराध गहलोत के कार्यकाल में ही हुआ।

# पी.एम. मोदी व गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ याचिका में बहस पूरी

- **याचिका में नागरिकता अधिनियम में संशोधन से देश की एकता व अखंडता को खतरे में डालने और धर्म के आधार पर भेदभाव का आरोप लगाया गया है**
- **अदालत ने मामले में बाद में फैसला देना तय किया है**

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट में मंगलवार को पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और पूर्व कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद के खिलाफ नागरिकता संशोधन अधिनियम को लेकर दायर याचिका पर बहस पूरी हो गई। है। अदालत ने मामले में बाद में फैसला देना तय किया है। जस्टिस सुदेश बंसल ने यह आदेश याचिकाकर्ता अधिवक्ता पूरणचन्द्र सेन की याचिका पर दिया। याचिका में नागरिकता अधिनियम में संशोधन से देश की एकता व अखंडता को खतरे में डालने और धर्म के आधार पर भेदभाव का आरोप लगाया गया है। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और एएसजी आरडी रस्तोगी ने पक्ष रखा। जबकि राज्य सरकार की ओर से एजी राजेन्द्र प्रसाद ने पैरवी की। केन्द्र सरकार की ओर से एएसजी रस्तोगी ने कहा कि नागरिकता संशोधन कानून किसी भी धर्म का विरोधी नहीं है।

वहीं देश में बनने वाला कोई भी कानून गृह मंत्री, कानून मंत्री या प्रधानमंत्री नहीं बनाते हैं। कानून संसद की ओर से बनाया जाता है। ऐसे में पीएम मोदी और दोनों मंत्रियों पर आरोप लगाना गलत है। इसके अलावा याचिकाकर्ता स्वयं संसद में मौजूद नहीं था तो मिलीभगत का आरोप कैसे लगा सकता है। वहीं नागरिकता अधिनियम में संशोधन को लेकर सुप्रीम कोर्ट में मामला लंबित है। याचिकाकर्ता ने कानून का दुरुपयोग किया है। ऐसे में उसकी याचिका को भारी हर्जाने के साथ खारिज किया जाना चाहिए। दूसरी ओर महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि याचिकाकर्ता ने जो मुद्दा उठाया है, वह संबंधित निचली अदालत के क्षेत्राधिकार में नहीं आता है। इसलिए निचली अदालत ने परिवाद को खारिज कर कोई गलती नहीं की है। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने याचिका पर फैसला बाद में देना तय किया है।

याचिकाकर्ता का कहना है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम-2019 भारतीय संविधान के धर्मनिरपेक्षता और अनुच्छेद-15 के विपरीत है। इस संशोधन के कारण मुस्लिमों के साथ भेदभाव हुआ है। देशभर में अराजकता का माहौल उत्पन्न हुआ है और देश की एकता और अखंडता को खतरा पहुंचा है। संशोधन के बाद देशभर में अनेक स्थानों पर सांप्रदायिक घटनाएं हुई, लेकिन पुलिस ने या तो एफआईआर दर्ज नहीं की या फिर आधी-अधूरी की है। इसके अलावा निचली अदालत ने भी मामले में दायर परिवाद को खारिज कर कानून की त्रुटि की है।

## शहीद स्मारक पर विरोध प्रदर्शन आज

जयपुर। राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने संघ के सक्रिय पदाधिकारियों की आपात बैठक में लिया विरोध प्रदर्शन का निर्णय। राज्य सरकार बार-बार बजट में मंत्रालयिक कर्मचारी के हितों के लिए घोषणाएँ करके उन्हें लागू नहीं कर रही है। कर्मचारी संघ द्वारा समय-समय पर इस हेतु सरकार को अवगत कराया है, महासंघ एकीकृत भी सरकार से कई बार वार्ता कर मंत्रालयिक कर्मचारियों की वाजिब मांगों को शीघ्र पूर्ण करने का आग्रह किया है। सरकार की वाजिब मांगों के प्रति अनदेखी कर्मचारियों के साथ सरासर धोखा और वादा खिलाफी है। इसी कड़ी में संघ के सचिव कृष्णेन्दु चटर्जी ने बताया की आज दिनांक 23 सितंबर को जलदाय विभाग में एक गेट मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें मंत्रालयिक कर्मचारी की प्रमुख मांग सहायक प्रशासनिक अधिकारी की ग्रेड पे- 4200 कर तदनुसार अन्य पदों का उन्नयन, मंत्रालयिक कर्मचारी का कैडर रिव्यू, एसीपी में देय 9,18,27 वर्ष के लाभ को 8,16,24,32 वर्ष देना सहित।

# शहरी सेवा शिविरों में योजनाओं का एक ही स्थान पर मिल रहा है लाभ : सीएम

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भीलवाड़ा नगर निगम और नगर पालिका हमीरगढ़ में आयोजित शहरी सेवा शिविरों का अवलोकन किया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को भीलवाड़ा नगर निगम और नगर पालिका हमीरगढ़ में आयोजित शहरी सेवा शिविरों का निरीक्षण किया और जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तकसेवा पखवाड़े के अंतर्गत प्रदेशभर में ग्रामीण और शहरी सेवा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है।

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि इन शिविरों का उद्देश्य आमजन को एक ही स्थान पर सभी जरूरी दस्तावेज और सेवाएं मुहैया कराना है। इनमें जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, जाति, आय और निवास प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेजों के साथ-साथ पेंशन, राशन कार्ड, सड़क मरम्मत और स्वच्छता जैसे कार्य भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय और बाबा साहेब आंबेडकर की अंत्योदय की भावना को धरातल पर उतारने के लिए ये शिविर प्रभावी साधन बन रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इन शिविरों का भरपूर लाभ उठाएं और अपने आस-पास के पात्र व्यक्तियों को भी इसका लाभ दिलाने में सहयोग करें। मुख्यमंत्री ने पूर्व सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि उस समय भ्रष्टाचार चरम पर था और पेपर लीक जैसे मामलों ने युवाओं के सपनों को तोड़ा। वहीं वर्तमान सरकार में किसानों, गरीबों, महिलाओं और युवाओं के हित में योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बीते दो वर्षों में एक भी परीक्षा का पेपर लीक नहीं हुआ है, जिससे सरकार की पारदर्शिता और प्रतिबद्धता सिद्ध होती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने जबरन या प्रलोभन देकर किए जा रहे धर्म परिवर्तन पर रोक लगाने के लिए सख्त कानून बनाया है। इससे सामाजिक समरसता को बनाए रखने में मदद मिलेगी। शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर शुरू किए गए सेवा पखवाड़े के अंतर्गत ये शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह संदेश केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि सामाजिक सरोकार का प्रतीक है। शिविर के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया और उन्हें चेक व पट्टे वितरित किए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने बताया कि मुख्यमंत्री स्वयं शिविरों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि आमजन को घर बैठे सभी सेवाएं मिलें। कार्यक्रम में सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक गोपाल खंडेलवाल, अशोक कोठारी, लादूराम पीतलिया, उदयलाल भड़ाना सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं आमजन उपस्थित रहे।




कार्यक्रम में सीएम भजनलाल शर्मा और डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा का स्वागत किया गया।

- **'पूर्व सरकार के समय भ्रष्टाचार चरम पर था और पेपर लीक जैसे मामलों ने युवाओं के सपनों को तोड़ा'**

# कोटा में जिंक व्यापारी के ठिकानों पर आयकर विभाग की कार्रवाई

## इनकम टैक्स की टीम ने व्यापारी की फैक्टरी पर पहुंचकर फाइलें खंगाली

**कोटा,** (निसं)। इनकम टैक्स की टीम ने कोटा में एक प्रतिष्ठित जिंक व्यापारी के ठिकानों पर छापा मारा है। टीम मंगलवार सुबह ही व्यापारी की फैक्टरी पर पहुंच गई थी। यहां पर अधिकारियों ने दबिश दी है। साथ ही कारखाने की जुड़ी सभी फाइलों को खंगाला जा रहा है।

कोटा सिटी एसपी तेजस्विनी गौतम का कहना है कि इनकम टैक्स की टीम ने उनसे जाप्ता मांगा था और उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से तैनात किया है। हालांकि इनकम टैक्स की टीम की तरफ से कोई पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन बाहर खड़ी हुई सभी गाड़ियां दिल्ली से यहां पर आई हैं। इनमें से कुछ गाड़ियां एक-दो दिन पहले ही कोटा पहुंच गई थी, जबकि ज्यादातर गाड़ियां सोमवार शाम को यहां पर आई हैं। आयकर विभाग की टीम अंदर दस्तावेज और कंप्यूटर रिकॉर्ड की जांच कर रही है। इस टीम की करीब दो दर्जन के आसपास गाड़ियां कोटा में मौजूद हैं। इंडस्ट्रियल एरिया में सिक्योरिटी के लिए एक कंपनी के सुरक्षाकर्मी तैनात हैं जिनका ड्यूटी टाईम सुबह बदल गया था। इसमें मॉर्निंग शिफ्ट वाले लोग पहुंच गए थे लेकिन जब टीम यहां पर आई तब उन्होंने किसी को भी बाहर नहीं जाने दिया। इसी दौरान दूसरी टीम के लोग वहां फंस गए। सभी लोगों के मोबाइल बंद कर दिए। ऐसे में कंपनी के सुपरवाईजर को उनके परिजन फोन करने लगे। इसके बाद सिक्योरिटी कंपनी के लोग भी यहां पर पहुंच गए। इसी दौरान बिजली के बिल की रीडिंग लेने पहुंचे एक व्यक्ति को भी अंदर ही रोक लिया गया। फैक्टरी में पूरी तरह से मशीनरी को बंद रखा गया है। वहीं मजदूर को भी एक तरफ कोने में बैठा दिया था। इसके अलावा अन्य सभी स्टॉफ को भी ऑफिस से दूर रखा गया था। इन सब लोगों को सुबह 11.40 पर रिलीज किया गया है। सिक्योरिटी की ड्यूटी दे रहे एक कर्मचारी का कहना है कि उनके मोबाइल फोन भी बंद कर दिए थे और यह टीम सुबह 6 बजे ही पहुंची थी।

# सियार के हमले से बालक घायल

**बयाना/भरतपुर,** (निसं)। उपखंड के वमनपुरा गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां सियार (गेदुआ) के हमले में एक 12 वर्षीय बालक घायल हो गया। घायल बालक मंकेज, निवासी कैर, मंगलवार को स्कूल से लौटते समय रास्ते में सियार का शिकार बन गया। मंकेज के चाचा रामसिंह ने बताया कि बच्चा स्कूल से घर लौट रहा था, तभी गांव के रास्ते में अचानक एक सियार ने उस पर हमला कर दिया।

# बयाना उपजिला अस्पताल में चोर सक्रिय

- **मरीज की जेब से 25 हजार रुपये पार किये**

**बयाना/भरतपुर,** (निसं)। उप जिला अस्पताल बयाना में इन दिनों चोरों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। मंगलवार को अस्पताल परिसर में इलाज के लिए आए एक मरीज की जेब से अज्ञात चोर 25 हजार रुपये निकालकर फरार हो गया। इस घटना से अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई और लोग अपनी जेबें टटोलते नजर आए।

मूल रूप से उपखंड के मुआवली गांव निवासी जगदीश जाटव ने बताया कि वह मंगलवार को ओपीडी में डॉक्टर को दिखाने आया था। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने पीछे की जेब से 25 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने बताया कि यह रकम उसे बयाना के रीको क्षेत्र में ट्रक से पत्थर डालने की एवज में मिली थी। जगदीश ने घटना की शिकायत स्थानीय पुलिस थाने में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

गौरतलब है कि इससे पहले भी कुछ महीने पूर्व अस्पताल परिसर में ही निःशुल्क दवा काउंटर के पास एक बुजुर्ग व्यक्ति के थैले में चीरा लगाकर रुपये चोरी करने की घटना सामने आई थी। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके परिजनों में डर का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने अस्पताल प्रशासन और पुलिस से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# मांगों को लेकर युवक मोबाइल टावर पर चढ़ा

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के हमीरगढ़ थाना क्षेत्र में सीएम के दौरे के बीच बीलिया कलां गांव का एक युवक कस्बे में मोबाइल टावर पर चढ़ गया। देर शाम तक युवक टावर पर मौजूद रहा। नीचे लोगों की भीड़ जुटी है।

जानकारी अनुसार, बीलियाकलां का निवासी सूरज माली मंगलवार दोपहर हमीरगढ़ में रेलवे स्टेशन के नजदीक स्थित मोबाइल कंपनी के टावर पर चढ़ गया। देखते ही देखती बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ मौके पर भीड़ जुट गई। उधर, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के सीएम ड्यूटी में व्यस्त होने से वहां कोई अधिकारी नहीं पहुंच पाया। पुलिस को जानकारी मिली कि युवक शुभ लक्ष्मी प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ प्रदूषण फैलाने का आरोप लगाते हुये कार्रवाई की मांग कर रहा है। फिलहाल पुलिस मौके पर पहुंच समझाइश का प्रयास कर रही है। वहीं दूसरी ओर युवक का आरोप है कि क्षेत्र में संचालित प्रोसेस हाउस और फैक्ट्रियों द्वारा खुलेआम नियमों की अवहेलना करते हुए ध्वनि और वायु प्रदूषण फैलाया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग प्रभावी कार्यवाही नहीं करते, जिसके कारण आस पास के ग्रामीणों का जीवन दूभर हो रहा है। पीड़ित युवक का कहना था कि कोयले की राख, तेज ध्वनि और दुर्गंध की वजह से उसकी गेंदे के फूल की खेती पूरी तरह से बर्बाद हो चुकी है। कई बार सीएम और पीएम तक को शिकायत भेजने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं हो पाई, जिसके कारण उसे यह कदम उठाने को मजबूर होना पड़ा है।

# काला हिरण शिकार मामले की सुनवाई हुई

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट में मंगलवार को जस्टिस संदीप शाह की कोर्ट में वर्ष 1998 के काला हिरण शिकार मामले की सुनवाई हुई। इसमें राज्य सरकार की ओर से दायर लीव टू अपील और सलमान खान की ओर से सजा के फैसले को चुनौती देने की याचिका शामिल है। इन दोनों पर एक साथ विचार हुआ। हालांकि, मामले में सरकारी वकील ने समय मांगा। इस पर कोर्ट ने अगली सुनवाई 8 सप्ताह बाद सूचीबद्ध करने के निर्देश दिए हैं। मामले में बिश्नोई समाज के वकील महिपाल बिश्नोई ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से पेश लीव टू अपील और सलमान खान द्वारा अधीनस्थ न्यायालय से मिली सजा के खिलाफ अपील, जो पिछले दिनों राजस्थान हाईकोर्ट में ट्रांसफर की गई थी।

# मोरेल नदी पर टूटी सड़क से 40 गांवों का सम्पर्क कटा

**बौंली-बामनवास,** (निसं)। क्षेत्र के बरनाला तहसील अंतर्गत टिगरिया गांव के पास मोरेल नदी पर टूटी सड़क व पुलिया के कारण बौंली एवं बामनवास उपखंड क्षेत्र के करीब 40 गांवों का आपसी संपर्क कटा हुआ है। इस कारण छात्र-छात्राओं को विद्यालयों में अध्ययन करने जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस मार्ग पर वाहन चालकों का तो आवागमन ही बहुत कठिन हो गया है। इस मामले को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने भडौती के सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी अविनाश कुमार व बहादुर सिंह गुर्जर को भी सड़क मार्ग ठीक करने को लेकर अवगत कराया था लेकिन एक माह गुजर जाने के बाद भी सड़क मार्ग ठीक नहीं हो पाया, जबकि अधिकारियों ने सड़क मार्ग को जल्द ठीक करने का आश्वासन दिया था। ग्रामीणों ने इस सड़क मार्ग को शीघ्र ठीक करा कर बौंली व बामनवास क्षेत्र के 40 गांवों का आगमन सुचारु कराने की मांग की है।



छात्र-छात्राओं को विद्यालयों में जाने में परेशानी हो रही है।

# साढ़े चार हजार प्रिंसिपल के तबादले किये

**बीकानेर,** (निसं)। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने बड़ी संख्या में ट्रांसफर करने के लिए 508 पेज की लिस्ट पिछले दिनों तैयार की थी, माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट के ई-हस्ताक्षर किए गए। इसमें साढ़े चार हजार प्रिंसिपल के तबादले किये गये हैं।

स्थानान्तरित प्रिंसिपल को तत्काल प्रभाव से रिलीव करने और जॉइन करने के आदेश दिए गए हैं। हालांकि फिलहाल कोई तारीख तय नहीं की गई है। प्रदेश के लगभग सभी जिलों के शिक्षा प्रिंसिपल बदले हैं। इसमें अधिकांश टीचर्स को उनकी मनपसंद जगह लगाने का प्रयास किया गया है। वहीं बड़ी संख्या में प्रिंसिपल को शहर से गांवों में भी भेजा गया है। गत वर्षों में जिन स्कूलों को सीनियर सैकंडरी में क्रमोन्नत किया गया था, उनमें भी अब प्रिंसिपल लगा दिए गए हैं। शहर के अंदर पिछले कई सालों से जमे सैकड़ों प्रिंसिपल को अब गांवों में पदस्थापित किया गया है।

प्रिंसिपल ट्रांसफर से पहले भाजपा के विधायकों से एक तय संख्या में डिजायर ली गई थी। भाजपा विधायक जहां नहीं हैं, वहां भाजपा के प्रत्याशी रहे नेता से या फिर सांसद से डिजायर ली गई। इस दौरान बड़ी संख्या में विधायकों ने डिजायर भी दी और एक तय संख्या में अलग से नाम भी दिए। इन्हीं नामों को ट्रांसफर लिस्ट में जगह दी गई है।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के समक्ष ये ट्रांसफर लिस्ट करीब 20 दिन पहले ही रख दी गई थी। बाद में इसे विधानसभा सत्र के चलते रोक दिया गया था। फिर श्राद्ध पक्ष के कारण लिस्ट रोकी गई, लेकिन अब नवरात्रि के पहले ही दिन प्रिंसिपल को नए स्कूलों में पदस्थापित कर दिया गया है। राज्य सरकार ने इसके लिए स्वीकृति जारी की और देर रात ये लिस्ट जारी हो गई। आदेश में साफ लिखा गया है कि राज्य सरकार के पत्र की पालना में ये ट्रांसफर किए गए हैं।

# केन्द्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने निर्माणाधीन एयरपोर्ट टर्मिनल का जायजा लिया

## दिवाली पर प्रधानमंत्री मोदी नए एयरपोर्ट टर्मिनल की सौगात देंगे : शेखावत

**जोधपुर,** (कासं)। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि दीपावली पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नए एयरपोर्ट टर्मिनल को जोधपुरवासियों को समर्पित करेंगे। उन्होंने कहा कि टर्मिनल का कार्य अंतिम चरण में है और अक्टूबर तक इसे पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। शेखावत ने मंगलवार को निर्माणाधीन एयरपोर्ट टर्मिनल का निरीक्षण करने के बाद मीडिया से कहा कि नए टर्मिनल के शुरू होने के बाद एक साथ 13 फ्लाइट्स का संचालन संभव होगा, जिससे शहर की एयर कनेक्टिविटी और भी मजबूत होगी। यात्रियों को बिजली, पानी और अन्य सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अब तक तीन बड़ी दिवाली की सौगातें दी हैं, पहली जीएसटी लागू करके, दूसरी दीयों की रोशनी से और तीसरी जोधपुर एयरपोर्ट टर्मिनल के रूप में। उन्होंने बताया कि केंद्र के आग्रह पर राज्य सरकार ने जोधपुर, बीकानेर, जैसलमेर और किशनगढ़ एयरपोर्ट पर रिफ्यूलिंग करने वाले विमानों पर वेट टैक्स में 26-27 प्रतिशत तक की छूट दी है। इस निर्णय से दिल्ली और मुंबई जैसे बड़े शहरों की तुलना में यहां फ्यूल सस्ता होगा और इसका सीधा लाभ विमानन उद्योग को मिलेगा। शेखावत ने कहा कि इस कदम से जोधपुर में एयर ट्रैफिक में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी। फिलहाल, सुबह व शाम दिल्ली और मुंबई के लिए नियमित फ्लाइट उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी न केवल नए एयरपोर्ट टर्मिनल का उद्घाटन करेंगे, बल्कि जोधपुर के एलिवेटेड रोड और रिंग रोड परियोजनाओं का भी शिलान्यास करेंगे। इससे शहर के ट्रैफिक प्रबंधन में व्यापक सुधार होगा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आने वाले पांच वर्षों में भारत में एविएशन सेक्टर में बड़े विस्तार की संभावना है। उन्होंने कहा कि टाटा समूह की एयरलाइंस एयर इंडिया एक्सप्रेस नए जोधपुर एयरपोर्ट टर्मिनल से संचालन शुरू करेगी। जैसे ही यह टर्मिनल बिल्डिंग पूरी होगी, एयर ट्रैफिक में बढ़ोतरी होगी और इसके बाद निजी कंपनियां भी यहां संचालन में रुचि दिखाएंगी। उन्होंने बताया कि फिलहाल पूरे देश में एक हजार से कम विमान संचालित हो रहे हैं, लेकिन आने वाले पांच वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एविएशन उद्योग में अभूतपूर्व उछाल देखने को मिलेगा। इस दौरान करीब 3 हजार नए विमानों के लिए आवेदन किया गया है। इस दौरान जोधपुर एयरपोर्ट सलाहकार समिति के सदस्य अशोक माथुर, प्रकाश जीरावाला, किशोर सिंह सोलंकी, जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ ही नए एयरपोर्ट टर्मिनल के कार्य से जुड़े अधिकारी साथ रहे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एयर, रोड और रेल कनेक्टिविटी के साथ अब जोधपुर में नए टूरिस्ट स्पॉट विकसित किए जाएंगे, ताकि पर्यटन उद्योग को और बढ़ावा मिल सके। उनके अनुसार किसी भी विकसित देश की अर्थव्यवस्था में पर्यटन अहम भूमिका निभाता है और इसी दिशा में जोधपुर को नई पहचान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

# शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर एक करोड़ की सायबर ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। सायबर पुलिस टीम ने शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर एक करोड़ चार लाख की सायबर ठगी के दर्ज प्रकरण में कार्यवाही करते हुए सायबर ठगी के आरोपी को कुन्हाड़ी इलाके से गिरफ्तार किया है।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 6 जून को परिवादी विनोद कुमार जैन ने रिपोर्ट दी। परिवादी ने रिपोर्ट में कहा कि शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर उससे 1 करोड़ 4 लाख की सायबर ठगी की है। परिवादी ने अलग-अलग बैंक अकाउंट में ट्रेडिंग के नाम पर रूपये डाले है। शहर एसपी ने कहा कि परिवादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी के निर्देशन में सायबर थाने के पुलिस उपअधीक्षक विनोद कुमार के सुपरविजन में सायबर थाने के थानाधिकारी सतीश चन्द के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम ने मामले में कार्यवाही करते हुए थाना कोतवाली बूंदी के लंका गेट निवासी महावीर सुखवाल उर्फ डेनी को कोटा के कुन्हाड़ी इलाके के लैण्डमार्क सिटी से डिटेन कर प्रकरण में गिरफ्तार किया।

शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम ने परिवादी के साथ हुई 1 करोड़ 4 लाख की ठगी राशि में से बैंकों से पत्राचार कर 10 लाख रूपये की राशि को होल्ड करवाया एवं 12 लाख रूपये परिवादी के बैंक में रिफंड करवाये। शहर एसपी नें बताया कि पकड़े गये आरोपी महावीर सुखवाल को न्यायालय में पेश कर 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पकड़े गये आरोपी के पास से 5 मोबाइल बरामद हुए है, मामले में अन्य आरोपियों एवं सायबर ठगी की शेष राशि बरामद करने के लिये अनुसंधान जारी है।

शहर एसपी तेजस्वनी गौतम ने बताया कि आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अपने दोस्तों के साथ मिलकर स्वयं के खाते में इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से सायबर ठगी की राशि को डलवाता एवं अपने परिचित व रिश्तेदारों के बैंक अकाउंट में वह राशि इंटरनेट बैंकिग के माध्यम से ट्रांसफर कर देता था, फिर उस राशि को चैक व एटीएम द्वारा निकाल लेता था। शहर एसपी ने बताया कि आरोपी उस राशि का उपयोग यूएसडीटी ऑनलाइन करंसी खरीदने एंव लग्जरी स्टाइल में रहने के लिये करता था। पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी है।



कोटा सायबर पुलिस ने ठगी के आरोपी को गिरफ्तार किया।

- **बारह लाख रूपये रिफंड कराये, 10 लाख रूपये बैंक खातों में होल्ड कराये**
- **परिवादी ने अलग-अलग बैंक अकाउंट में ट्रेडिंग के नाम पर रूपये डाले थे**
- **पकड़े गये आरोपी को न्यायालय में पेश कर 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया**

# सीढ़ियों से गिरने से आरएसी जवान की मौत

**कोटा,** (निसं)। दादाबाड़ी थाना क्षेत्र में सीढ़ियों से गिरने से आरएसी जवान की मौत का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार आरएसी जवान संजय कुमार सीढ़ियों पर चढ़ते समय पैर फिसलने से गिर गया, जिसे अचेतावस्था में उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान जवान की मौत हो गई।

दादाबाड़ी थानाधिकारी मांगेलाल यादव ने बताया कि मूल रूप से झुंझनू के मंडावा निवासी संजय कुमार (44) जो हाल कोटा आरएसी बटालियन में डेल्टा कंपनी में पोस्टेड था। थानाधिकारी ने बताया कि मामले में सामने आया कि जवान सीढ़ियों पर चढ़ते समय पैर फिसलने से गिरकर अचेत हो गया, जिसकी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। थानाधिकारी ने बताया कि फिलहाल मौत होने का कोई कारण सामने नही आया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही मौत के कारण सामने आ पायेगें। मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।


**OFFICE MUNICIPAL COUNCIL CHOMU (JAIPUR)**
Tel-01423-220036 e-mail:chomu.jaipur@yahoo.com
Sr. No. : NPC/2025/1877 Date : 19.09.2025
**Notice Inviting Bid**
Bids for "Supply of 01 JCB and 01 dumper along with operator/driver, diesel-oil, repair and other expenses for sending all types of wet and dry waste from the garbage collection site located at NH 52, Lal Kui, Ward No. 44 in the Municipal Council area to the garbage collection center located at Seva Pura, Jaipur." are invited interested bidders upto 06.00 PM on 19.09.2025 Dated. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in, https://eproc.rajasthan.gov.in) of the state. The Bid Value are 125.00 Lacs.
NIB CODE : DLB2526A6180
UBN NO. : DLB2526SLOB19110
COMMISSIONER
MUNICIPAL COUNCIL CHOMU
Raj.Samwad/C/25/10687

**Office of the Superintending Engineer PHED Circle Jhalawar (Raj.)**
**NOTICE INVITING Bid No. 25/2025-26**
**NIB No. PHE2526A3166**
Bids for Work of Augmentation of RWSS SARDA, Gram Panchayat SARDA Panchayat Samiti Aklera (on risk and cost basis) Sub Division Aklera & KOLUKHERI KALAN, Gram Panchayat KOLUKHERI KALAN Panchayat Samiti Manoharthana of Sub division Manoharthana to provide FHTC including one year Defect Liability period under JJM in the jurisdiction of PHED Division Jhalawar District Jhalawar are invited from interested bidder's upto 25.09.2025 at 18.00 Hours. Other particulars of the bid may be visited on the www.dipr.rajasthan.gov.in, http://rajwater.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in and http://eproc.rajasthan.gov.in. Departmental websites.
1. UBN No. PHE2526WSOB06415 Cost Rs. 131.76 Lac
2. UBN No. PHE2526WSOB06417 Cost Rs. 105.40 Lac
Superintending Engineer
PHED Circle Jhalawar
DIPR/C/13668/2025

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड-करौली**
क्रमांक-Rajkaj- 2564-84 दिनांक-12.09.2025
**निविदा सूचना संख्या - 11/2025-26**
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सडक मरम्मत कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण/ डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि के पंजीकृत संवेदको जो कि राज्य सरकार के "एए", "ए", "बी", "सी", डी श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण बेब साईट "www.sppp.rajasthan.gov.in" & "www.dipronline.org पर देखा जा सकता है।
NIB Code :- PWD2526A 3254
UBN No- 1. PWD2526WSOB 12190
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड करौली
DIPR/C/13764/2025

**कार्यालय नगर निगम, उदयपुर**
टाउनहॉल लिंक रोड, उदयपुर (राज.) 313001
दुरभाष स.0294-2421255, 2420013 , Helpline no. 0294-2426262 वेबसाइट. www-udaipurmc.org
क्रमांक : निविजा/2025-26/ई -27 दिनांक :- 23.09.2025
**(ई-भुगतान) बोली आमन्त्रण सूचना संख्या - ई 27/2025-26**
नगर निगम कार्यालय उदयपुर द्वारा विभिन्न विकास कार्यो हेतु कुल राशि रु0 105.00 लाख के कुल 02 कार्यो हेतु इच्छुक निविदादाताओं से निर्धारित निविदा प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया के तहत निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा के कार्यो की प्रारम्भ तिथि 23.09.2025 एवं अंतिम तिथि 03.10.2025 तथा निविदा खुलने की तिथी 06.10.2025 रहेगी निविदा से संबंधित अन्य समस्त विवरण इंटरनेट साईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखे जा सकते है।
UBN No. UNP2526WSOB00088
अधीक्षण अभियन्ता
नगर निगम, उदयपुर
राज.संवाद/सी/25/10706

**कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**
E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419
क्रमांक :-न.प.सु/विकास शाखा/2025/6374 दिनांक :- 19.09.2025
**-: ई-निविदा सूचना-2025-26 :-**
नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से निविदा दिनांक 27.09.2025 तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रों को वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कि जा सकता है एवं निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड कमांक (DLB2526WSOB19246), (DLB2526WSOB19247) है। कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।
आयुक्त
नगर परिषद सुजानगढ
राज.संवाद/सी/25/10680

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEEER**
**P.H.E.D CITY DIV. IV (NORTH) JAIPUR**
Email:eenorth4.jai.phed@rajasthan.gov.in Telephone No-0141-2988545
No.: E.E./CD4(N)/2025-26/1750-64 Dated:12/9/2025
**Notice Inviting Bid**
Bids for work of 1. Annual Rate Contract for the work of transportation of water through Tankers in Bisalpur water supply Benefited areas (Low pressure areas) under the jurisdiction of City Division IV (North) Jaipur 2. Repair and preventive Maintenance of Centrifugal pump sets of pumphouses and their panels and Submersible pump sets and their panel of tubewell in water supply scheme under city Sub Dn-1 (North), Vidhyadhar nagar Jaipur and 3. Repair and preventive Maintenance of Centrifugal pumpsets of pumphouses and their panels and running of Pumphouse VKIA road no 5 Road no 9A, Road no 13 water supply scheme under city Sub Dn-I (North), Vidhyadhar nagar Jaipur under jurisdiction of City Div. IV(North) Jaipur NIT No 25/2025-26 is invited from interested bidders up to 06:00 PM 25.09.2025 Other particulars of the bid may be visited on the www.sppp.rajasthan.gov.in and www.eproc.rajasthan.gov.in of the state website.
UBN Code: PHE 2526 WSRC06561 PHE 2526 WSOB06562 PHE 2526 WSOB06564
Executive Engineer
PHED City Div. IV (North)
Vidhyadhar Nagar Japur
DIPR/C/13850/2025

## सार-समाचार

### अग्र बंधुओं का किया अभिनंदन

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** सोमवार को शहर में निकली अग्रसेन महाराज की शोभायात्रा के स्वागत की होड लग गई। नई अनाज मण्डी व अग्रवाल धर्मशाला से शुरू हुई यात्रा का मिलन पुरानी अनाज में हुआ जहां पर व्यापार मण्डल, गौण मण्डी, महेश पंसारी, पूर्व विधायक व जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर की ओर से सभी अल्पाहार, ठण्डाई, लस्सी पिलाकर व माल्यापर्ण कर अभिनंदन किया गया। इस दौरान महाराजा अग्रसेन के जयकार से आसमान गुंजयमान हो गया। इस अवसर पर गंगापुर सिटी के पूर्व विधायक एवं भाजपा जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने श्री अग्रसेन महाराज जी की शोभायात्रा में शामिल होकर बधाई शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी समाज के गणमान्य लोगों को माला पहनाकर एवं ठंडाई पिलाकर स्वागत किया तथा श्री अग्रसेन महाराज जी की झांकी के चरणों में भेंट अर्पित की। इस अवसर पर पंचायत समिति प्रधान श्रीमती मंजू गुर्जर,जिला महामंत्री विनोद अटल,शहर मंडल अध्यक्ष मिथलेश व्यास, कमलेश महावर पार्षद भवानी गुर्जर पार्षद ओमिक कटारिया पार्षद, महेश आरेडया, महेश कटारिया पार्षद,वेद प्रकाश शर्मा पार्षद,गोविंद अग्रवाल महामंत्री, रामबाबू पार्षद,गोविंद पाराशर पार्षद, बलवीर सोनी पार्षद, गौरंती मीना पार्षद, कमला मीना, रामभरोसी वैष्णव, चिरंजी लोधा, एड घनश्याम राजपूत, विजय धोधूपुरा, गोविंद गुप्ता सेवा वाले, मुकेश प्रजापत, घासीलाल बैंसला आदि समस्त कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। वहीं विप्र फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष अध्यक्ष हेमंत शर्मा के नेतृत्व में सैकडो विप्रजनो ने स्टेट बैंक के नीचे ठण्डाई पिलाकर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष हेमंत शर्मा ने सभी वरिष्ठ सदस्यो का माला व साफा पहना कर अभिनंदन किया एंव अग्रसेन महाराज की 5149 वीं जयन्ती पर सभी को बधाई दी। इस दौरान शोभायात्रा में शामिल सभी महिला पुरूषो को ठण्डाई पिलाई गई। शोभायात्रा का खारी बाजार, सुभाष बाजार, बालाजी चौक एसोसियेशन सहित खण्डेलवाल समाज एवं सभापति के निवास पर यात्रा का भव्यता के साथ स्वागत किया गया।

### रामलीला मंचन का शुभारम्भ

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** सोमवार से नगर परिषद द्वारा विजयदशमी से पूर्व पुरानी अनाज मण्डी मे भव्य रामलीला मंचन का शुभारम्भ सभापति शिवरतन अग्रवाल, आयुक्त बृजेन्द्र मीना आदि ने दीप प्रज्जवलित कर किया। विजयदशमी (दशहरा मेला) रावण दहन के कार्यक्रम से पूर्व नगर परिषद गंगापुर सिटी द्वारा पुरानी अनाज मण्डी प्रांगण में 22 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक प्रतिदिन सायंकाल 7.30 बजे से रात्रि 10.30बजे तक भव्य रामलीला मंचन कार्यक्रम का आयोजन किया जावेगा। भव्य रामलीला मंचन का प्रस्तुतीकरण प्रसिद्ध वृंदावन की पार्टी द्वारा किया जा रहा है। रामलीला मंचन के तहत नारद मोह का बडा ही सजीव चित्रण किया गया। प्रथम दिवस ही रामलीला देखने के लिए महिला पुरूष उमड पडे। पाण्डाल में लगी कुर्सियां फूल हो गई। वहीं लायन्स क्लब, भारत विकास परिषद, मानव सेवा संस्थान सहित विभिन सामाजिक संस्थाओ ने कार्यक्रम स्थल पर आमजन के लिए जलपान की व्यवस्था की। रावण तपस्या, भगवान राम जन्म, विश्वामित्र आगमन, ताडका वध, धनुष यज्ञ, लक्ष्मण-परशुराम संवाद, भगवान राम वनवास, राजा दशरथ मरण, भरत मिलाप, सीता हरण, बाली बध, लंका दहन, विभीषण शरणागति, अंगद रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति, कुंभकरण वध, मेघनाद बध, रावण बध एवं भगवान राम का राजतिलक इत्यादि आपको देखने को मिलेगे। 2 अक्टूबर को विजयदषमी (दशहरा) को रावण दहन का कार्यक्रम स्थानीय हायर सैकेण्डरी खेल मैदान में सायंकाल 7 बजे से किया जावेगा। रावन दहन कार्यक्रम से पूर्व पुरानी अनाज मण्डी प्रांगण से मुख्य बाजारों होते हुये हायर सैकेण्डरी खेल मैदान तक भगवान राम की विशाल सजीव झांकियॉ निकाली जावेगी।

### अदिति बनी मिस फ्रेशर

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** बयाना रोड स्थित निर्मल कैम्पस में सोमवार को नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत हेतु भव्यफ्रेशर पार्टीका आयोजन किया गया। रंगारंग कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने एकल गान, सामूहिक गान, ठाामीण अंचल की सुड्डा प्रस्तुति, कॉमेडी एवं बौद्धिक प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इस अवसर पर संस्थान निदेशक मनीष चौधरी, श्रीमती सुलोचना चौधरी, डायरेक्टर प्रशान्त चौधरी, प्राचार्य डॉ. बिजेंद्र डागुर, डॉ. राज सिंह एवं सत्येंद्र चौधरी मौजूद रहे। आयोजन को सफल बनाने में मेडिकल प्रभारी विष्णु शर्मा, बीएड प्रभारी मनोज शर्मा, कॉलेज प्रभारी चंद्रभान सिंह व ललित शर्मा का विशेष योगदान रहा। प्रतियोगिता मेंअदिति शर्मा मिस फ्रेशरतथाविश्वेंद्र सिंह मिस्टर फ्रेशरचुने गए।कार्यक्रम में खिल्लू सिंह, दिनेश चौधरी, डॉ. रेणु गुप्ता, प्रियंका शर्मा, अर्चना चौधरी, लक्ष्मी वर्मा, विजयकांत, नवीन शर्मा, लखन शर्मा, सुरेंद्र कटारिया, अतीक अहमद, तोताराम गुर्जर, भारतेन्दु चतुर्वेदी, सतेंद्र चौधरी व दिलीप कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### महेश चंद्र मीणा को दी विदाई

**सूरौठ, (निसं)।** करौली जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी के स्थानांतरण सूची जारी करने के बाद सूरौठ थाना प्रभारी महेश चंद्र मीणा को सूरौठ थाने से बालघाट थाना प्रभारी लगाया गया है, व सूरौठ थाने कि कमान करौली लाईन से नोवेल सैनी कों सौंपी गयी है,जिस पर सूरौठ तहसील क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों ने थाना प्रभारी महेश चंद्र मीणा का माला व साफा पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट भव्य स्वागत सम्मान किया गया जिस पर इस मौके पर पूर्व प्रधान शिवराज मीणा, शूटिंग बांल संघ के जिला सचिव विश्राम मीना,ढिंढोरा सरपंच सरपंच गंगा प्रसाद बंडा , अठावाल समाज जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश गोयल, समाजसेवी केदार मीणा, श्रीमोहन मीना, शारीरिक शिक्षक वीरेंद्र सिंह राजपूत व भूपाल सिंह मीना, युवा विकास समिति राहुल मीना,रिंकू मीना, नौलख सैनी, संतोष शर्मा ढिंढोरा ,व एएसआई रामनिवास,हैड कांस्टेबल विष्णु गुर्जर , साहब सिंह, अजय सिंह, औकार सिंह, कास्टेबल कन्हैया शर्मा, देशराज सिंह, गजराज मीना, सहित समस्त स्टाफ कर्मि व दर्जनों लोग इस मौके पर रहे उपस्थित सभी लोगों ने थाना प्रभारी महेश मीना के कार्यकाल कि प्रशंसा, व भावभीनी विदाई दी।

### बैठक आयोजित

**भरतपुर, (निस)।** कनिष्क कटारिया आयुक्त, की अध्यक्षता में भरतपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त कक्ष में संवेदकों एवं प्राधिकरण के समस्त अभियंताओं के साथ संयुक्त बैठक आयोजित की गई जिसमें संवदेकों कार्य के दौरान आ रही परेषानियों का फीडबैंक लिया गया।

# आयुर्वेद दिवस पर समर्पित भाव से सेवा करने का लिया संकल्प

**भरतपुर, (निसं)।** दशम राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर पूरे जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में जिला स्तरीय कार्यक्रम उपनिदेशक कार्यालय में आर एस एस के जिला संयोजक भागीरथ सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन मुख्य अतिथि भागीरथ सिंह अतिरिक्त निदेशक डॉ सतीश लवानिया उपनिदेशक डॉ साधुराम शर्मा रसायनशाला प्रबंधनक डॉ उमेश गोदन पूर्व उपनिदेशक डॉ सतीश पाराशर डॉ सुशील पाराशर डॉ अशोक शर्मा डॉ निरंजन सिंह सहायक निदेशक डॉ प्रेमसिंह डॉ हरीश चौधरी डॉ संजीव तिवारी डॉ प्रताप सिंह उपाधीक्षक एवं संभागीय समन्वयक डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित द्वारा भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सा अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा आमजन को अच्छे स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने एवं समर्पित भाव से चिकित्सा सेवा करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भागीरथ सिंह ने आमजन की पहली आवश्यकता पहला सुख निरोगी काया को ध्यान में रखते हुए खान-पान एवं योग व्यायाम के साथ साथ नशीली चीजों बीडी सिगरेट तंबाकू गुटखा शराब आदि से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति आमजन को जागरुक करने की सलाह दी।

इसी तरह राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय आयुर्वेद एवं योग प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में भारत विकास परिषद लोहागढ़ शाखा के सहयोग से आयोजित निशुल्क आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा शिविर में 200 से अधिक विभिन्न रोगों से पीडित रोगियों की जांच कर निशुल्क औषधि वितरण की। चिकित्सालय में अतिरिक्त निदेशक उपनिदेशक एवं उपाधीक्षक डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित समाजसेवी अनिल लोहिया सचिव जितेंद्र जैन की मौजूदगी में चिकित्सालय में कार्यरत चिकित्सा अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना द्वारा किया गया।

इस अवसर पर चिकितसालय में आमजन को अधिक से अधिक स्वास्थ्य लाभ मिल सके उसके लिए प्रत्येक महीने के पुष्य नक्षत्र में छ माह से पांच साल तक के बच्चों को स्वर्णप्राशन पिलाने एवं फेटी लीवर मुक्त भरतपुर अभियान एवं नशा मुक्त परिवार जनजागरण अभियान, मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन हेतु काउंसिलिंग सेवा, बालिका रक्ताल्पता निवारण जागरूकता अभियान, दैनिक योग व्यायाम हेतु जनजागरण अभियान, पर्यावरण एवं वृक्षारोपण रख रखाव हेतु जनजागरण अभियान के साथ साथ हृदय रोगों से बचाव हेतु जनजागरण अभियान चलाए जाने के पोस्टर का विमोचन कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय में अध्ययनरत बी एन वाई एस के छात्र छात्राओं द्वारा आहार एवं नवाचार पर प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर डॉ भगवान सिंह सोगरवाल डॉ पिंकी चौहान डॉ मनीषा गुर्जर डॉ राजकुमार झा डॉ ललिता डॉ मोहन स्वरूप शर्मा डॉ सतीश लवानिया डॉ धनेश शर्मा डॉ शैलेश शर्मा डॉ कुलदीप शर्मा डॉ ललित व्यास डॉ ओमप्रकाश गुप्ता उपनिदेशक कार्यालय प्रतिनिधि अनिल शर्मा संजीव गरासिया उमाशंकर शर्मा राकेश कुमार नर्सिंग अधीक्षक सुरेन्द्र पाल सिंह सुशील शर्मा योगेश शर्मा कमलेश कुमार सहित अन्य चिकित्सा अधिकारी एवं कर्मचारी गण मौजूद रहे।

कार्यक्रम में अतिरिक्त निदेशक डॉ सतीश लवानिया द्वारा राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए संदेश का पाठन किया गया एवं आभार व्यक्त उपनिदेशक डॉ साधुराम शर्मा द्वारा किया गया।

### डांडिया महोत्सव 29 सितम्बर को

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** सर्व ब्राह्मण महासभा की बैठक कपूर उच्च माध्यमिक स्कूल में आयोजित की गई। जिला अध्यक्ष बालकृष्ण शर्मा ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में 29 सितंबर को होने वाले डांडिया महोत्सव की तैयारियों पर चर्चा हुई। महिला प्रकोष्ठ की जिला महामंत्री संगीता शर्मा ने कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महोत्सव की सफलता के लिए विभिन्न कॉलोनियों से महिलाओं को सहसंयोजक बनाया गया है। नसिया कॉलोनी से अनीता व्यास और नीतू शर्मा को जिम्मेदारी दी गई है। नर्सिंग कॉलोनी से मीना शर्मा और आशा शर्मा को चुना गया है। चूलीगेट, मूर्ति मोहल्ला, नहर रोड, जैन मंदिर क्षेत्र, सैनिक नगर, शीतला माता रोड और अन्य क्षेत्रों से भी सहसंयोजकों की नियुक्ति की गई है। महिला जिलाध्यक्ष शारदा शर्मा ने कहा कि सभी संयोजक और सहसंयोजक कार्यक्रम की तैयारियों में जुट जाएं।

# क्रिकेट प्रतियोगिता में गुडला ने करीरी को तीन विकेट से हराया

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** माध्यमिक शिक्षा की 69वीं जिला स्तरीय 17 व 19 आयु वर्ग छात्र क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत मंगलवार को सुमन उच्च माध्यमिक विद्यालय, पटोंदा में रोमांचक मुकाबले खेले गए।

संयोजक एवं प्रधानाचार्य अजय कुमार शर्मा, मीडिया प्रभारी नरेंद्र बाबा व प्रियकांत बेनीवाल ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ शारीरिक शिक्षा उप जिला शिक्षा अधिकारी मानसिंह मीणा, संयोजक अजय कुमार शर्मा व प्रतियोगिता पर्यवेक्षक प्रधानाचार्य रामनिरी बेनीवाल ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर किया।17 वर्ष वर्ग में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करीरी व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुडला के बीच मुकाबला खेला गया। टॉस जीतकर गुडला ने पहले फील्डिंग का निर्णय लिया। करीरी की टीम ने निर्धारित ओवर में 46 रन बनाए। जवाब में गुडला की टीम ने लक्ष्य हासिल कर तीन विकेट से जीत दर्ज की। 19 वर्ष वर्ग के पटोंदा झारी मैदान नं. 1 पर खेले गए मुकाबलों में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पटोंदा ने सुमन उच्च माध्यमिक विद्यालय पटोंदा को, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय काचरोली ने माधव विद्यालय करौली को तथा राजकीय माध्यमिक विद्यालय हिंडीन सिटी ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बुगडार को पराजित किया।

वहीं 17 वर्ष वर्ग के सौरभ कैम्पस मैदान नं. 2 पर खेले गए मैचों में अभय विद्या मंदिर हिंडौन ने एसआरएस खेड़ा को, निर्मल हैप्पी उच्च माध्यमिक विद्यालय ने ज्ञानदीप स्कूल श्री महावीर जी को, हंस उच्च माध्यमिक विद्यालय पालनपुर ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कैमला को, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भोपर बहादरपुर ने टोडुपुरा को, अंडन का पुरा ने केशव विद्या मंदिर हिंडौन को, एसएफएस काचरोली ने एएमपीएस हिंडौन को तथा गुणसार ने जटनगला को हराया।प्रतियोगिता में प्रियकांत बेनीवाल, देवी सहाय शर्मा, हेमराज सिकरौदा, देशराज बेनीवाल, युधिष्ठिर भाकर, अनिल भारद्वाज, मुकेश मीणा, गब्बर सिंह, शशि जांगिड़, अटल भारद्वाज, सुनील यादव, संतोष, शुभम मीणा, बंसीलाल बिश्नोई, हेमंत बिश्नोई, योगेंद्र सिंह सुल्तानोंत, महेश तिवारी, दीपक स्वामी, किशोर कुमार शर्मा, सुखा सिंह, उत्तम सिंह जाट, नवीन भारद्वाज व दीवान सिंह ने अंपायर व स्कोरर की भूमिका निभाई।

# संस्कृति सप्ताह का शुभारम्भ आज से

- **अर्जुन पैलेस में सुबह 7 बजे होगा योग प्रशिक्षण का कार्यक्रम**

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** भारत विकास परिषद गंगापुर सिटी द्वारा संस्कृति सप्ताह कार्यक्रम ह्म 24 सितंबर से 28 सितंबर 2०25 तक मनाया जायेगा। सचिव रामदयाल मीना ने बताया कि सप्ताह के तहत प्रथम दिवस प्रात: 7 बजे अर्जुन मैरिज होम गंगापुर सिटी में योग प्रशिक्षण दिया जाएगा।

कार्यक्रम संयोजक कैलाश चंद्र शर्मा योग गुरु, सहसंयोजक अश्वनी गुलाटी, अनिल डांस एसके इलेक्ट्रॉनिक होगें। 25 सितंबर को पुरानी अनाज मंडी में साधु संतों के लिए भोजन प्रसादी वितरण कार्यक्रम, पक्षियों के ज्वार और जानवरों के हरा चारा, दोपहर 12 बजे से रखा गया है संयोजक कैलाश चंद खंडेलवाल बीटीसी, कैलाश चंद्र मित्तल बीएसएनल, मदन मोहन आर्य बनाया गया। 26 सितंबर को नवरात्र महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत कन्या पूजन और महिलाओं के लिए डांडिया नृत्य का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा जिसकी संयोजक निर्मला खरवाल, ममता डांस, प्रियंका सोनी, पूजा गुप्ता, मधु गुप्ता, पुष्पा आर्य ,मंजू पीतलिया, और ज्योती गुप्ता को बनाया गया। वहीं 27 सितंबर को दोपहर 12 बजे से अग्रवाल कन्या महाविद्यालय में वाद विवाद प्रतियोगिता सोशल मीडिया पर आयोजित की जाएगी, कार्यक्रम संयोजक रमेश चन्द गुप्ता पट्टी वाले, दीपक गर्ग पेटोली, विमल कुमार गुप्ता होगें। 27 सितंबर 2०25 को शाम 7बजे कर्मचारी कॉलोनी हनुमान जी मंदिर परिसर में सुंदरकांड का आयोजन रखा गया है संयोजक गोविंद दीक्षित सेवानिवृत्ति जिला शिक्षा अधिकारी, लक्ष्मी नारायण प्रॉपर्टी को बनाया गया है। 28 सितंबर 2०25 को प्रात: 7 बजे हीरालाल मोक्षधाम गंगापुर सिटी में श्रमदान कार्यक्रम रखा गया है जिसका प्रभारी जितेंद्र मंगल, लक्ष्मी कुमार अग्रवाल और लक्ष्मी नारायण प्रॉपर्टी की देखरेख में श्रमदान किया जाएगा। बैठक में राजेंद्र खारवाल अध्यक्ष, सचिव रामदयाल मीना, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार वैष्णव, संरक्षक अशोक कुमार बंसल, समन्वयक शिवनारायण गुप्ता, गतिविधि संयोजक संस्कार गोविंद दीक्षित सहित कई सदस्य मोजूद थे।

### आरोपी को कारावास

**करौली, (निसं)।** न्यायालय जिला एवं सेशन न्यायाधीश करौली ने वर्ष 2021 में मंडरयाल कस्बे में हुई पुलिस कांस्टेबल गोकलेश की हत्या के मामले में अपना निर्णय सुनाया। न्यायालय ने हत्या के आरोपी संपत सिंह को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास और 50 हजार रुपए के अर्थ दंड से आरोपी को दंडित किया है। लोक अभियोजक एवं राजकीय अधिवक्ता रीतेश सारस्वत ने बताया कि गत 25 अप्रैल 2021 को मंडरायल कस्बा में पुलिस कांस्टेबल गोकलेश की आरोपी संपत सिंह द्वारा हत्या कर दी गई थी। न्यायालय में प्रकरण पर विचरण के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से 39 गवाहों और 81 दस्तावेजो को साक्ष्य और सीसीटीवी कैमरा की फुटेज को पेश किया गया

# डांडिया महोत्सव का आगाज

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** 23 सितम्बर। नवरात्रा महोत्सव के अवसर पर 9 दिनो तक चलने वाले डांडिया महोत्सव का शुभारम्भ हो गया है।

शहर में जगह-जगह माताजी के पाण्डाल सजे हुए है व माता के भक्तो में श्रद्वा आस्था व उत्साह का सैलाब देखने को मिल रहा है। नसिया कॉलोनी स्थित नवीन स्कूल के पास माँ अम्बे सेवा समिति के द्वारा व मीणा पाडा में माँ भवगती की प्रतिमा की स्थापना की गई तथा सुभाष कॉलोनी कोली पाडा हथाई पर माताजी का नव दुर्गा नवयुवक मण्डल के तत्वाधान में हर वर्ष की भांति इस बार भी 11 वीं माँ भगवती स्थापना एवं डांडिया महोत्सव का शुभारम्भ किया है। आज दोपहर 1.3० बजे विधि विधान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवती की कलश यात्रा निकाली गई जिसमें महिलाओं ने बढ-चढकर भाग लिया।

भगवती की प्रतिमा स्थापना की गई। नव दुर्गा युवक मण्डल के कार्यकर्ताओं ने बताया कि नौ दिनो तक चलने वाले महोत्सव में सुबह शाम महाआरती की जायेगी।

3० सितम्बर को अखण्ड आरती की जायेगी तथा 1 अक्टूबर को प्रात 1० बजे माँ भगवती की विसर्जन शोभा यात्रा निकाली जायेगी जो कि काली सिल कैलादेवी में भगवती की प्रतिमा का विसर्जन के साथ नवरात्रा महोत्सव का समापन किया जायेगा।

### गोल्ड मेडल जीता

**करौली, (निसं)।** अंडर 22 स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप 19 से 21 सितंबर तक झुंझुनू में आयोजित हुई प्रतियोगिता में करौली जिले के के बॉक्सर संकल्प लवानिया ने 60 से 65 किलो भार वर्ग में भाग लिया।

इस दौरान फाइनल में भरतपुर के बॉक्सर को हराकर गोल्ड मेडल जीता इसने पिछले वर्ष सीनियर वर्ग की प्रतियोगिता में भी60 से 65 किलो भार वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त किया था यह इसका दूसरा गोल्ड मेडल है।

## सार-समाचार

### समता आंदोलन समिति ने सौंपा ज्ञापन

**करौली, (निसं)।** समता, समानता और सामाजिक समरसता की दिशा में कार्यरत समता आंदोलन समिति करौली ने राजस्थान सरकार से मांग की है कि कक्षा 1 से 8 तक के सभी छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क पोशाक वितरण एवं सिलाई की राशि प्रदान की जाए चाहे वे किसी भी जाति या वर्ग से संबंधित हों।समिति के जिला अध्यक्ष नरेश सिंह विनेगा, जिला सचिव ईश्वरी शरण शर्मा एवं समता आंदोलन समिति के वरिष्ठ कार्यकर्ता बंटू उपाध्याय ने जिला कलेक्टर करौली के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंप कर वर्तमान में लागू पक्षपात पूर्ण जाति आधारित राजकीय सुविधाओं पर गहरी चिंता जताई गई। ज्ञापन में कहा गया कि राज्य सरकार द्वारा वर्तमान में प्रसारित आदेशों के अनुसार केवल अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति एवं बीपीएल श्रेणी के छात्र-छात्राओं को ही यह सुविधा प्रदान जा रही है इस सुविधा से ओबीसी एवं सामान्य वर्ग के छात्रों को वंचित रखा जा रहा है। जिससे विद्यालयों में अध्ययनरत विभिन्न वर्ग के विद्यार्थियों की आपस में वेमनुष्यता, हीन भावना और जाति आधारित सामाजिक भेदभाव की स्थिति उत्पन्न हो रही है। जिस कक्षा में विद्यार्थीयो को संस्कार की शिक्षा दी जानी चाहिए थी। इसके विपरीत राज्य सरकार ने इस आदेश से प्रारंभिक शिक्षा से ही जातिवाद का बीजारोपण प्रारंभ कर दिया है। समता आंदोलन के वरिष्ठ कार्यकर्ता बंटू उपाध्याय, जिला अध्यक्ष एवं जिला सचिव के द्वारा जिला कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में बताया गया है कीझ सभी विद्यालय जाति, धर्म और वर्ग के लिए एकता,समरसता और समान अवसर का प्रतीक होते हैं। विद्यालय में अध्यनरत एक ही कक्षा में पढने वाले बालको के साथ सुविधा के आधार पर भेदभाव किया जाना न्याय संगत प्रतीत नहीं होता है इस प्रकार का भेदभाव बालको के अंतर्मन पर स्थाई रूप से नकारात्मक प्रभाव डालता है। यह कार्वाई समाज में दीर्घकालिक समय में वर्ग संघर्ष को जन्म दे सकता है

### अधिवेशन के लिए प्रभारी नियुक्त

**करौली, (निसं)।** जिला स्तरीय शैक्षिक अधिवेशन के सफल आयोजन के लिए राजस्थान समग्र शिक्षक संघ जिला शाखा करौली की बैठक जिला अध्यक्ष रूपसिंह गोरेहार की अध्यक्षता में मीणा धर्मशाला सपोटरा में आयोजित की गई। जिला मंत्री मदन मोहन तिवाड़ी ने बताया कि 26 सितंबर 2025 को जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन मीणा धर्मशाला सभा भवन सपोटरा में प्रात: 11:00 से आयोजित करने का बैठक में निर्णय लिया। अधिवेशन को सफल बनाने के लिए जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयप्रकाश ओड़च जिला संरक्षक प्रहलाद मीणा जिला मंत्री मदन मोहन तिवाड़ी को उपस्थिति रजिस्टर संधारित कर संभागी शिक्षकों को डीएल देने, व्यवस्था बनाने व देखरेख करने और जिला कोषाध्यक्ष पीयूष कुमार शर्मा को मंच संचालन की जिम्मेदारियां दी गई।करौली उपशाखा प्रभारी बाबूलाल मीणा राममूर्ति शर्मा हिण्डौन उपशाखा प्रभारी उमेश सिंह डागुर अमर सिंह मीणा मण्डरायल उपशाखा प्रभारी काशीराम मीना रामकुमार नंदवानिया सपोटरा उपशाखा प्रभारी हंसराज एकट देवी सिंह बैरवा टोडाभीम उपशाखा प्रभारी घनश्याम मीणा नादौती उपशाखा प्रभारी पुरुषोत्तम कुमार मीणा मासलपुर उपशाखा प्रभारी प्रेम सिंह मीणा को नियुक्त किया गया। सभी उपशाखा प्रभारियो को कार्यकारणी के पदाधिकारियो सहित अधिक से अधिक संभागियो सहित अधिवेशन में भाग लेने की जिम्मेदारी दी गई।

### मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

**भरतपुर, (निसं)।** संस्थान द्वारा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष में समाज के मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया। संस्थान कॉर्डिनेटर राकेश गुप्ता ने बताया कि समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक डॉ सुभाग गर्ग, अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक विजय बंसल, वि. अतिथि अतुल मित्तल, अनुराग गर्ग, शालिनि मित्तल ने दीप प्रज्वलित कर किया।संस्थान अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता बृज हनी वालों ने सभी का स्वागत किया तथा अपने उद्बोधन में कहा कि आने वाले समय में संस्थान द्वारा समाज हित में और अच्छे कार्य किए जाएंगे। समारोह शौर्य बंसल, मेहुल गुप्ता को सीए में चयनित होने पर, कनिका गुप्ता, अनुकृति गुप्ता, शुभम् गर्ग, मिताली गुप्ता, प्रशस्य गोयल, प्रखर गोयल का नीट पीजी में चयन होने पर, यश अठावाल का आइ आइ टी में, पलक अठावाल को एल एल बी में गोल्ड मेडल प्राप्त होने पर, हर्षिता अठावाल का गिनीज बुक जी में नाम आने पर, डेजी, हर्षिता, दिव्य गर्ग, दर्शिता, रोहित,छवि, राहुल को 12जी क्लास में 85प्रतिषत से अधिक अंक प्राप्त होने पर, कनक, पार्थ, संध्या, अनुराग, टीना, ध्रुवी, सपना का क्लास 10जी में 85 प्रतिषत से अधिक अंक प्राप्त करने पर प्रशस्ति पत्र एवं ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा राजकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने पर, ब्लॉक कॉर्डिनेटर का, संस्था के सहयोगियों , पूर्व अध्यक्षों का भी सम्मान किया गया। समारोह में सभी अतिथियों ने संस्थान द्वारा किए जाने वाले कार्यों की प्रशंसा की।

### रावण दहन की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**करौली, (निसं)।** करौली जिला विकास मंच के बैनर तले उप जिला कलेक्टर एवं कार्यवाहक आयुक्त नगर परिषद प्रेमराज मीना को दिया ज्ञापन।

इस अवसर पर करौली विकास मंच के अध्यक्ष बबलु शुक्ला ने बताया कि दशहरा पर्व पर रावण दहन कार्यक्रम आयोजन करने के संबंध में नगर परिषद के पार्षदों सहित शहर के प्रबुद्ध जनों के साथ उप जिला कलेक्टर एवं कार्यवाहक आयुक्त नगर परिषद प्रेमराज मीना को ज्ञापन दिया गया।समाजसेवी बबलु शुक्ला ने बताया कि जिला मुख्यालय पर पूर्व में दशहरा पर्व पर त्रिलोक चंद माथुर स्टेडियम में रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया जाता था जो विगत कई वर्षों से बंद है।


**पश्चिम मध्य रेल**

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि.मं.सं. एवं दू.सं. इंजी (सिंगनल एवं दूर संचार) पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल निम्नलिखित कार्यों **Tender No. KOTA / SNT/SIG/ 2025 / 26** के लिये निर्धारित ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। टेण्डर खुलने की तारीख एवं समय टेबल में दर्शाया गया है। इस निविदा के लिये किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जायेगा। **टेन्डर सं.** कोटा/ एसएण्डटी /सिग./2025/26, **कार्य का नामः** प्रोवीजन ऑफ एमएसडीएसी इन पेरेलल टू डीसी ट्रेक सर्किट एट फेलियर प्रोन यार्ड ऑफ लाखेरी स्टेशन ऑन कोटा डिविजन, **कार्य की अनुमानित लागतः ₹ 2,98,88,906.72,** बयाना राशिः **₹ 2,99,500.00/- तारीख एवं समयः** दिनांक 17.10.2025 को 15:00 बजे तक। पूर्व विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर अपलोड की गई है। निविदा/बोलीदाताओं के पास कक्षा III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना आवश्यक है और आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिये। केवल पंजीकृत निविदा/ बोलीदाताओं ई-टेण्डरिंग पर भाग ले सकते हैं। सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किया जाना चाहिय। पंजीकृत निविदा एण्ड **GSTIN** रजिस्टर होना चाहिये।

(हस्ता.)
वरि. मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजी.
(समन्वयक) प.म.रे., कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


# जीएसटी दर कम होने से गरीबों को होगा अधिक फायदा : बेढ़म

**करौली, (निसं)।**भारतीय जनता पार्टी का सेवा पखवाड़ा के तहत सर्व समाज प्रबूध जन सम्मेलन का आयोजन दोपहर 1.30बजे से भंवर विलास मैरिज गार्डन करौली में। भारत माता के चित्रपट पर माल्यार्पण कर वंदे मातरम् से कार्यक्रम चालु हुआ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए करौली जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि हम देश में बनी हुई चीजों को हमारे काम लैगे। जीएसटी दर कम होने से गरीबों को अधिक फायदा होगा।

राजस्थान की डबल इंजन की सरकार हर किसी व्यक्ति के बारे में सोचती है ।धर्म परिवर्तन कराने वालो पर राजस्थान की सरकार कठोर क़दम उठायेगी। हम राष्ट्र की बात करते हैं। देश का पैसा देश में रहे हमारा परीवार मजबूत हो , 2026 तक प्रत्येक के घरों बिजली मिलेगी उन्होंने कहा कि राजस्थान के हर तीसरे घर मे खुशी का माहौल है , हिंडौन से करौली फोर लेन बनेगा ,बाईपास भी बनेगा।कांठोस की सरकार ने राजस्थान का मटिया मेट कर दिया है। कांग्रेस के विधायक होटल में मस्त रहते थे, तुष्टिकरण की नीति करना- झूठ बोलना वर्ग- लाना कांग्रेस के स्वभाव में है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शंकर सिंह राजपुरोहित ने अपने संबोधन में कहा कि 22 सितंबर का दिन जीएसटी बचत उत्सव देश के हित में लिखा जायेगा। रोजमर्रा की चीज बाजारों में सस्ती हो गई है। जीएसटी स्लैब को काम करके प्रत्येक परिवार को हर महीने 6 हजार रुपए का फायदा मिलेगा। मुख्य अतिथि ने कहा कि हम सबको मोदी को एक पोस्ट कार्ड में मोदी के लिए बधाई संदेश भेजना है। देश में एक नवीन क्रांति है। आने वाला कल आपका होगा। गरीबों को फायदा होगा। प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम, शंकर सिंह राजपुरोहित, करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर, सपोटरा विधायक हंसराज बालोती, पूर्व विधायक रमेश चंद्र मीणा पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव, भाजपा जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन ने बुजुर्गों के चरणों में नत मस्तक होकर प्रणाम किया ।भाजपा जिला मीडिया संयोजक मुकेश सालौत्री ने बताया कि 60 साल से लेकर 95 साल तक के प्रबुद्ध जनों का दुपट्टा उड़ा कर स्वागत सत्कार। किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन ने कि पूर्व जिला अध्यक्ष प्रहलाद सिंहल,रमेश राजोरिया, महेंद्र मीणा, बृजलाल डिकोलीया, हरि सिंह मीणा, प्रदेश पदाधिकारी अर्जुन सिंह धावाई, लोकसभा प्रत्याशी इंदू देवी जाटव, दिलीप गुप्ता, रूप सिंह मीणा,करौली सभापति प्रतिनिधि सुशील शर्मा, उत्तम सिंह जादौन, पुष्पेंद्र बंसल , योगेश शर्मा, अजय पाल, अमर सिंह, विभाशु मोदी, आशुतोष तिवारी, धीरेन्द्र बैंसला, आरती बैंसला, गीता चौधरी,विधा देवी के अलावा प्रबुद्ध जन बजरंग लाल शर्मा, मोतीलाल शाक्यवार, दीनदयाल शर्मा, लख्मीचंद महावर, डाल चन्द शर्मा, शिमभू दयाल पाराशर, ओमप्रकाश शर्मा, राम खिलाडी चतुर्वेदी, रामस्वरूप चतुर्वेदी, श्रीमती प्यार वाई, गजानंद शर्मा, शिव सिंह, सोनटूं, दर्शनीलाल शर्मा,अमर सिंह सोलंकी, डॉ गजराज सिंह, आर्मी कमांडेंट नरेश सिंह, राम सिंह योगी, राजेंद्र योगी, शिवराम योगी, पवनयोगी, अजय योगी, घनश्याम योगी, राजेंद्र सिंह, रिटायर्ड सुरेश चंद्र गर्ग, एडवोकेट सीताराम शर्मा, रामेश्वर सिंह बिनेगा, राजेंद्र सिंह जादौन, मोहन सिंह जादौन, सत्येंद्र सिंह यादव, रविंद्र सिंह , नेमीचंद चतुर्वेदी, द्वारका चतुर्वेदी,भूवनेश पाठक,मदन मोहन स्वामी, गोपाल सिंह, हरिकेश, नगेन्द्र शर्मा, वरिष्ठ नागरिक वासुदेव मीणा, रमेश चंद मीणा सोप, हेमराज, जगदीश प्रसाद, भगवान सिंह, भंवर सिंह, गोपाल सिंह, मानसिंह,गिराज सिंह, भगवान सिंह, हनुमान सिंह, कौशल्या शर्मा, रामदूलारी, श्रीमती माया देवी, बलराम सिंह,शिवू राम, वासूदेव गुप्ता, विजय सिंह डागूर,माया गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### प्रतियोगिता का उद्घाटन

**भरतपुर, (निसं)।** सेवर पंचायत समिति के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मुरवारा में 69वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का मंगलवार को पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने शुभारंभ कर खेल को खेल की भावना से खेलने का आव्हान किया। इस दौरान क्षेत्र के लोगों ने डॉ. गर्ग का साफा, माला, पटका पहनाकर स्वागत किया।

डॉ. गर्ग ने खेलकूद प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में विद्यालय के विकास में योगदान देने वाले भामाशाहों का भी सम्मान करते हुये कहा कि खेलों के माध्यम से शारीरिक और मानसिक विकास होता है और बच्चों की प्रतिभा सामने आती है। उन्होंने कहा कि टीम वर्क के साथ किये जाने वाले कार्यों से अनुशासन और नेतृत्व करने का निर्माण होता है। उन्होंने पढाई के साथ साथ खेलों के महत्व पर भी जोर दिया।

इस दौरान डॉ. गर्ग ने विद्यालय के खेल मैदान को विधायक निधि से विकसित कराने की घोषणा की ताकि स्कूल विद्यार्थियों को खेलने के लिये विद्यालय परिसर में बेहतर सुविधा मिल सके।

# धनुष यज्ञ व लक्ष्मण परशुराम संवाद की लीला का मंचन

**भरतपुर, (निसं)।** रामलीला समिति भरतपुर के तत्वावधान में आयोजित रामलीला महोत्सव में धनुष यज्ञ एवं लक्ष्मण-परशुराम संवाद की लीला का मंचन श्री चिंताहरण हनुमान सेवा समिति द्वारा श्रीराम वाटिका मैरिज होम में जनकपुरी में किया गया।

मुनि विश्वामित्र के साथ स्वयंवर स्थल पर श्री राम-लक्ष्मण के आगमन पर राजा जनक उनकी अगवानी करते हैं। राजा जनक के आदेश पर अनेक द्वीपों से आये बडे-बडे योद्धा राजा, शिव धनुष को उठाकर तोडने की अभिलाषा में अपना पूर्ण प्रयास करते हैं परन्तु वे धनुष को हिला भी नहीं पाये। दुखी होकर राजा जनक "वीर विहीन मही मैं जानी" कह उठते हैं। यह सुनकर लक्ष्मण जी तमतमा कर रघुवंशी योद्धाओं का अपमान बताते हुए उन्हें खरी खोटी सुनाते हैं। श्रीराम के संकेत से मना करने पर लक्ष्मण बैठ जाते हैं। राजा जनक को दुखी देखकर मुनि विश्वामित्र श्रीराम को धनुष तोडने की आज्ञा देते हैं।आदेश की पालना में श्रीराम ने धनुष को फुर्ती से उठाकर, जोर से ज्यों ही प्रत्यंचा खींची कि ब्रह्माण्ड को कपाती भयंकर ध्वनि के साथ धनुष टूटकर पृथ्वी पर गिर गया। कुलगुरू शतानन्द की आज्ञा से मंगलगान करती हुई सखियों के साथ आकर सीताजी ने श्रीराम जी के गले में जयमाला डाल दी।ब्रह्माण्ड में भंयकर ध्वनि को सुनकर परशुराम जी स्वयंबर स्थल पर आ पहुॅचते हैं और अपनी वीरता का वर्णन करते हुए क्रोधित होते हैं, उनके उठा रूप को देखकर लक्ष्मण जी परशुराम जी से तीखे संवाद कर उनकी वीरता का उपहास करते हैं। स्थिति बिगडती देखकर श्रीरामजी परशुराम जी से अनुनय विनय करते हैं। अंत में श्रीराम के भगवद् स्वरूप को पहचानकर परशुराम जी उनसे क्षमा याचना कर तपस्या हेतु वन को चले जाते हैं।लीला मंचन में राजा जनक की भूमिका सोनू शर्मा, परशुराम की यशु शर्मा, राम की आदित्य वशिष्ठ व लक्ष्मण की गौरव गर्ग ने की। इस अवसर पर श्रीरामलीला समिति के अध्यक्ष ब्रजेश कौशिक अपनी कार्यकारिणी के साथ व श्री चिंताहरण हनुमान सेवा समिति के संरक्षक संजीव गुप्ता, ब्रजहनी के डायरेक्टर विनीत सिंह, अंजू सिंह, संस्थापक अध्यक्ष राधाकृष्ण अप्पन, अध्यक्ष राकेश


**न्यायालय एस.डी.ओ. साहब, हिण्डौनसिटी**

**मोहरबाई आदि बनाम भौरूसिंह आदि**
**दावा / प्रार्थना पत्र टी.आई.**

यहकि उपरोक्त उनवानी दावा बावत् घोषणा खातेदारी, दुरुस्ती, तकास्मा व स्थायी निषेधाज्ञा तथा उक्त उनवान का प्रार्थना पत्र अस्थायी निषेधाज्ञा न्यायालय एस0डी0ओ0 साहब के यहां वादीगण / सायलान श्रीमती मोहरबाई आदि की ओर से आप लालसिंह, जीतू पिसरान रघुवीर राजपूत, निवासी बरनाला, तहसील बामनवास, श्रीमती छानबाई पुत्री जोरावरसिंह पत्नी रामकुमार राजपूत, निवासी ग्राम नवलपुरा, तहसील राजगढ़, दिलीपसिंह, दानसिंह, शकुन्तला पत्नी मोहनसिंह, गुढ़ाबाई, कल्पनाबाई पिसरान मोहनसिंह राजपूत, भागसिंह पुत्र प्रताप राजपूत, खिल्ली उर्फ सीताराम पुत्र भग्गे, फत्ते पुत्र बाबू, शीशराम, शिवराम पिसरान धर्मसिंह, रुमाली बेवा धर्मसिंह, जातियान राजपूत, सभी निवासी ग्राम झिरना, तहसील हिण्डौन, जिला करौली आदि के विरुद्ध दायर कर रखे है, जिसमें आमानी तारीख पेशी 29.09.2025 को दावा/प्रार्थना पत्र अस्थायी निषेधाज्ञा का उत्तर देने/ विवाधकों के विनिश्चय के लिए स्वयं या किसी प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है, जो कि उक्त प्रकरण से सम्बंधित प्रश्नों का उत्तर दे सके और उस दिन अपनी प्रतिरक्षा या लिखित साक्ष्य दाखिल करे और ऐसे सभी दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है, पेश करे। जिस पर आपकी प्रतिरक्षा आधारित है तो उसे न्यायालय में पेश करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो प्रकरण की सुनवाई व उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

आज दिनांक 15/9/25 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

आज्ञा से-
उपजिला कलेक्टर
हिण्डौन सिटी (करौली)



भारत अजेय नहीं है और बुधवार को जब उनकी टीम एशिया कप सुपर चार के मुकाबले में मौजूदा विश्व चैंपियन से भिड़ेंगी तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा कि सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम ने पिछले चार मैचों में क्या हासिल किया है। - **फिल सिमंस**

**बांग्लादेशी कोच, भारत से होने वाले मुकाबले को लेकर।**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** 

### अमन सहरावत



**भारतीय** कुश्ती महासंघ ने सोमवार 22 सितंबर 2025 को पेरिस ओलंपिक के ब्रान्ज मेडल विजेता अमन सहरावत को वर्ल्ड चैंपियनशिप में स्वीकार्य वजन सीम पर खरा नहीं उतर पाने के कारण कारण बताओ नोटिस जारी किया। लेकिन प्रतियोगिता के दिन उनका वजन 1.7 ज्यादा निकला। जिस कारण उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। डब्ल्यूएफआई ने इस बात पर भी नाराजगी जताई कि जगरेब में चार कोच मौजूद थे, लेकिन वे वजन प्रबंधन पर नजर नहीं रख पाए और इसके मद्देनजर उन्हें भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

# फाइनल के लिए जगह पक्की करने उतरेगा भारत

दुबई, 23 सितंबर। प्रशंसकों, तैयार हो जाइए, क्योंकि कल रात भारत और बांग्लादेश के बीच मुकाबला है, और यह एक शानदार मैच है। सुपर फोर का माहौल गरमा रहा है और हर तरफ़ चर्चा है। भारत अब तक अजेय रहते हुए मोर की तरह आगे बढ़ रहा है, जबकि बांग्लादेश कुछ आसान जीत के बाद जोश में है। लेकिन सीधे शब्दों में कहें तो, यह एकतरफा मुकाबला रहा है। 17 टी20, 16 भारतीय जीतें, और बांग्लादेश के लिए सिर्फ एक जीत-2019 में, जब बेन स्टोक्स अंपायरों से मिन्नतें कर रहे थे और टिकटॉक पर अभी तक कोई हलचल नहीं हुई थी।



भारत वे खुश हो रहे हैं। शीर्ष पर अभिषेक शर्मा ऐसे धमाल मचा रहे हैं जैसे उन्हें कोई ट्रेन पकड़नी हो-पाकिस्तान के खिलाफ 39 गेंदों पर 74 रन? टूर्नामेंट की अब तक की सबसे बेहतरीन पारी। दूसरे छोर पर शुभमन गिल कमाल के हैं - ऐसे खेलते हैं जैसे उनके पास दुनिया का सारा समय हो। फिर कप्तान सूर्यकुमार यादव हैं, जो मजे के लिए रिवर्स स्कूपिंग करते हैं, और तिलक वर्मा चुपचाप गेंद को घुमाते हैं। संजू सैमसन छिपकर खेलते हैं, हार्दिक पांड्या अपनी लय में आते हैं, शिवम दुबे स्विंग करते हैं-ये बल्लेबाजी की गहराई है जो कई दिनों तक टिकेगी।

और गेंदबाजी-इसे मत भूलना। कुलदीप यादव गेंद को घुमाते हैं, वरुण चक्रवर्ती अपनी चालों से रहस्यमयी हैं, और जसप्रीत बुमराह, जिन्होंने अभी तक अपनी जगह नहीं बनाई है, लेकिन चिंता न करें-उनके पास तूफानी गेंदबाजी है। हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे को सीम-अप के साथ जोड़ दें, तो आपके पास एक अच्छी टीम है।

अब, बांग्लादेश यहां संख्या बढ़ाने के लिए नहीं है। वे मजबूत रहे हैं। सैफ हसन ने श्रीलंका के खिलाफ 61 रनों की शानदार पारी खेली है, तंजीद हसन शीर्ष क्रम में व्यस्त हैं, और लिटन दास उनके कप्तान हैं, जो हमेशा खेल में बने रहते हैं। तौहीद ह्रदोय लगातार रन बना रहे हैं, चार मैचों में 127 रन बना चुके हैं - वो भी पूरी फॉर्म में। और जैकर अली को नजरअंदाज मत कीजिए, जिन्हें आखिरी ओवरों में धमाकेदार पारी खेलना पसंद है।

**गेंदबाजी?** मुस्तफिजुर रहमान-द फ़िज-धमाकेदार प्रदर्शन कर रहे हैं, सात विकेट ले चुके हैं, वो भी धीमी गेंदों से जो बल्लेबाजों को बेबस दिखाती हैं। तस्कीन अहमद अपनी लेंथ पर गेंदें मार रहे हैं, महेदी हसन की स्पिन गेंदें नियंत्रण में हैं, और अगर पिच पकड़ती है, तो खेल शुरू हो सकता है।

पिच की बात करें तो-दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम एक अजीबोगरीब पुरानी जगह है। शुरुआत में तेज गेंदबाजों के लिए थोड़ी मूवमेंट होती है, फिर धीरे-धीरे सपाट हो जाती है। बीच के ओवरों में स्पिनरों को थोड़ी मदद मिलती है, लेकिन सबसे बड़ी बात यह है-शाम को ओस पड़ने से लक्ष्य का पीछा करने वालों के लिए काम आसान हो जाता है। यहाँ सात में से पाँच मैच बाद में बल्लेबाज़ी करने वाली टीम ने जीते हैं। तो, टॉस जीतो, डटे रहो, और जीत का पीछा करो। आसान है।

**मौसम गर्मी,** चिपचिपाहट, बारिश नहीं। खूब पसीना आ रहा है, इसलिए तौलिया साथ ले आओ।

तो फैसला क्या है? भारत प्रबल दावेदार है-अजेय, आत्मविश्वास से भरपूर, बल्लेबाजी और गेंदबाजी में दबदबा। बांग्लादेश के पास मैच में उलटफेर करने के लिए हथियार हैं, खासकर अगर उनके गेंदबाज कमाल कर दें, लेकिन इतिहास उनके खिलाफ है। भारत इस प्रतिद्वंद्विता में सालों से दबदबा बनाए हुए है, और मौजूदा फ़ॉर्म को देखते हुए, उन्हें यह सिलसिला जारी रखना चाहिए।

लेकिन थोड़े-बहुत नाटक की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। दुबई में रात में दूधिया रोशनी में होने वाला यह मैच, दर्शकों का शोरगुल होगा, और बांग्लादेश टक्कर देगा। रन, विकेट और आतिशबाजी की उम्मीद करें। भारत शुरुआत में प्रबल दावेदार होगा-लेकिन टी20 क्रिकेट में कुछ भी हो सकता है। गाड़ी स्टार्ट करो!

**भारत की संभावित प्लेइंग :**

अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, संजू सैमसन/जितेश शर्मा (विकेटकीपर), शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती

**बांग्लादेश की संभावित प्लेइंग :**

सैफ हसन, तंजीद हसन तमीम, लिटन दास (कप्तान और विकेटकीपर), तौहीद ह्रदोय, शमीम हुसैन, जेकर अली, महेदी हसन, नसुम अहमद, तस्कीन अहमद, शरीफुल इस्लाम, मुस्तफिजुर रहमान

# क्या भारत वेस्टइंडीज के खिलाफ जसप्रीत बुमराह को आराम देगा?

मुंबई, 23 सितम्बर। बुधवार को, भारत वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम का चयन करेगा, जो 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होगी। यह चयन भ्रामक रूप से पेचीदा है, क्योंकि भारत पहली बार आर अश्विन के संन्यास का पूरा असर महसूस करने वाला है (उन्होंने अपने करियर के दौरान भारत के 65 घरेलू टेस्ट मैचों में से एक भी नहीं छोड़ा), जसप्रीत बुमराह के कार्यभार को अभी भी प्रबंधित करने की आवश्यकता है, और पिछले साल न्यूजीलैंड से मिली अप्रत्याशित, अभूतपूर्व 3-0 की हार से जुड़े सवाल अभी भी मंडरा रहे हैं। यहां कुछ ऐसे सवाल हैं जिनका जवाब अजीत अगरकर की चयन समिति को देना होगा।

**बुमराह को चुनें या उन्हें आराम दें?**

अहमदाबाद में पहला टेस्ट एशिया कप के फाइनल के चार दिन बाद शुरू होगा, जिसमें भारत के खेलने की शानदार संभावना है। उनकी एशिया कप टीम के चार सदस्य - टेस्ट कप्तान शुभमन गिल, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और बुमराह - आमतौर पर घरेलू सीरीज के लिए टेस्ट टीम में चुने जाते हैं, लेकिन उनमें से एक के लिए परिस्थितियाँ सामान्य से बहुत दूर हैं।



बुमराह ने इंग्लैंड में भारत की पिछली टेस्ट सीरीज़ में पांच में से केवल तीन मैच खेले थे, और उनकी पीठ की गंभीर चोटों के इतिहास को देखते हुए, उनकी भागीदारी का यह अनुपात निकट भविष्य में भी जारी रहने वाला है। तो क्या भारत वेस्टइंडीज के खिलाफ दोनों टेस्ट मैचों के लिए बुमराह को चुनेगा, या सिर्फ़ एक टेस्ट मैच के लिए? या फिर उन्हें पूरी सीरीज के लिए आराम दिया जाएगा?

एक या दो साल पहले इसी तरह की स्थिति में, भारत को बुमराह को आराम देना ज़्यादा मुश्किल नहीं लगा होगा। लेकिन इस समय उनके गेंदबाजी संसाधन उतने मजबूत नहीं हैं जितने उन्हें घरेलू परिस्थितियों में मिलते हैं। अश्विन की अनुपस्थिति एक बड़ी वजह है, हालांकि आप रवींद्र जडेजा, कुलदीप, वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल जैसे स्पिन आक्रमण की उम्मीद कर सकते हैं। पिछले साल न्यूजीलैंड से मिली हार ने भारत को इस बात पर विचार करने के लिए प्रेरित किया होगा कि वे किस तरह की पिचों पर अपने घरेलू टेस्ट मैच खेलना चाहते हैं, और संभवतः चौकोर टर्न वाली पिचों की बजाय सपाट पिचों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया होगा जिससे पहली पारी में बड़ा स्कोर बन सके। हालाँकि, इस तरह के किसी भी बदलाव का मतलब तेज गेंदबाज़ों की भूमिका भी बढ़ाना होगा। और अगर बुमराह नहीं होंगे तो भारत को इस मोर्चे पर मुश्किलें आ सकती हैं।

भारत ने मोहम्मद शमी और उमेश यादव (जो लंबे समय से घरेलू टेस्ट मैचों में उनके पसंदीदा तेज गेंदबाज रहे हैं) को धीरे-धीरे बाहर करने का कोई ख़ास असर महसूस नहीं किया है, लेकिन निकट भविष्य में ऐसी स्थिति की कल्पना करना मुश्किल नहीं है जहां उन्हें खाली सतह पर पुरानी गेंद से खेलने के अनुभव और जानकारी की सख़्त जरूरत महसूस हो। मोहम्मद सिराज और आकाश दीप ने मिलकर सिर्फ़ 19 घरेलू टेस्ट मैच खेले हैं, और प्रसिद्ध कृष्णा ने अभी तक एक भी टेस्ट मैच नहीं खेला है।

## महान अंपायर डिकी का निधन

लंदन, 23 सितम्बर। महान इंग्लिश अंपायर डिकी बर्ड का मंगलवार को 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। अपने दो दशकों से ज्यादा लंबे अंपायरिंग करियर में, बर्ड ने 66 टेस्ट और 69 वनडे मैचों में अंपायरिंग की, जिसमें पहले तीन पुरुष वनडे विश्व कप फाइनल भी शामिल हैं। यॉर्कशायर क्रिकेट क्लब ने एक बयान में कहा, ''डिकी बर्ड ने एक अंतरराष्ट्रीय अंपायर के रूप में एक शानदार करियर का आनंद लिया और खेल के इतिहास में सबसे प्रसिद्ध और लोकप्रिय अंपायर के रूप में अपना नाम इतिहास में दर्ज कराया।'' ''अपने शानदार करियर में, उन्होंने 66 टेस्ट मैचों और 69 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में अंपायरिंग की, जिसमें तीन विश्व कप फाइनल भी शामिल हैं - अपनी ईमानदारी, हास्य और बेबाक शैली के लिए खिलाड़ियों और प्रशंसकों, दोनों की प्रशंसा अर्जित की। ''वह यॉर्कशायर क्रिकेट का पर्याय हैं, जहां वह सबसे वफ़ादार समर्थकों में से एक रहे हैं। 2014 में, उन्हें यॉर्कशायर काउंटी क्रिकेट क्लब का अध्यक्ष नियुक्त किया गया और इस पद को उन्होंने गर्व और विशिष्टता के साथ निभाया। बर्ड ने इंग्लिश काउंटी यॉर्कशायर और लीसेस्टरशायर के लिए खेला, लेकिन एक अंतरराष्ट्रीय अंपायर के रूप में अपनी पहचान बनाई। अपने घरेलू करियर में, बर्ड ने 93 प्रथम श्रेणी मैच खेले, जिनमें 3314 रन बनाए, और 1973 में अपने अंतरराष्ट्रीय अंपायरिंग करियर की शुरुआत करने से पहले 2 लिस्ट ए मैच भी खेले। उन्होंने 1996 में संन्यास ले लिया, और आखिरी बार भारत के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट में अंपायरिंग की थी, जिसमें पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली और राहुल द्रविड़ ने पदार्पण किया था।

## मानव सुथार का पंजा ऑस्ट्रेलिया 9/350

लखनऊ, 23 सितम्बर। ऑस्ट्रेलिया ए ने भारत ए के खिलाफ दूसरे अनधिकृत टेस्ट के पहले दिन मंगलवार को अपनी पहली पारी में नौ विकेट पर 350 रन बना लिए। भारत ए की तरफ से मानव सुथार ने पांच विकेट झटके।

# अरावली पोलो और मेफेयर पोलो टीमें जीती



जयपुर, 23 सितम्बर। पीपीसी पोलो ग्राउंड पर ऑल स्टार पोलो टीम ओर मेफेयर पोलो टीम के बीच मैच खेला गया जिसमें मेफेयर पोलो टीम ने ऑल स्टार पोलो टीम को 5 के मुकाबले 6 गोल से हराया। मेफेयर पोलो टीम की ओर से सवीर, शमशीर ओर बतिस्ता ने अपनी टीम के लिए 1- 1 गोल किया। वहीं अनय सिंह ने 3 गोल किए। ऑल स्टार पोलो टीम की ओर से डीनो धनखड़ ओर ध्रुवपाल गोदारा ने 2- 2 ओरमतिहास ने अपनी टीम के लिए 1 गोल किया। पीपीसी पोलो ग्राउंड पर अरावली पोलो टीम ओर नेवी कानोता पोलो टीम के बीच मैच खेला गया जिसमें अरावली पोलो टीम ने नेवी कानोता पोलो टीम को 5 के मुकाबले 8 गोल से हराया। अरावली पोलो टीम की ओर से हुर्र अली ने 2, देवेंद्र सिंह ने 1 ओर कुलदीप सिंह ने 5 गोल किए। नेवी कानोता पोलो टीम की ओर से गोंज़ालो यानज़ोन 4 गोल किए ओर सलीम ने 1 गोल किया।

# पीकेएल-12 : टाईब्रेकर में जयपुर पिंक पैंथर्स ने यू मुंबा को हराया, जीत की पटरी पर लौटे



जयपुर, 23 सितंबर। सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 12वें सीजन के 48वें मैच में जयपुर पिंक पैंथर्स का सामना यू मुंबा से हुआ। निर्धारित समय तक 38-38 से टाई रहने के बाद मैच टाईब्रेकर में गया, जिसमें मेजबान जयपुर ने 6-4 के अंतर से बाजी मार ली। यह मैच वापसी के लिए जाना जाएगा। मुंबा एक समय 10 अंक से पीछे चल रहे थे और फिर उसने वापसी करते हुए न सिर्फ स्कोर बराबर किया बल्कि 10 अंक की लीड बना ली लेकिन फिर जयपुर ने शानदार वापसी करते हुए मैच को टाई करा लिया। मुंबा के लिए संदीप ने 14 अंक के साथ अपना श्रेष्ठ खेल दिखाया जबकि जयपुर के लिए नितिन धनखड़ (14) ने सुपर-10 लगाया। इसके बाद डिफेंस ने डू ओर डाई रेड पर संदीप को लपक स्कोर 31-36 किया और मुंबा को दो खिलाड़ियों तक सीमित किया और फिर नितिन ने उसे आलआउट की ओर धकेला और इसे अंजाम तक लाकर स्कोर 35-37 कर दिया। नितिन ने फिर सुनील को बाहर कर फासला 1 का कर दिया लेकिन संदीप ने इसे फिर 2 का कर दिया।

## दिनेश कार्तिक हांगकांग सिक्सेस 2025 के लिए बने टीम इंडिया के कप्तान

हांगकांग, 23 सितंबर। क्रिकेट हांगकांग ने मंगलवार को घोषणा की कि अनुभवी भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक आगामी प्रतिष्ठित हांगकांग सिक्सेस 2025 में टीम इंडिया की कप्तानी करेंगे, जो 7 नवंबर से आयोजित किया जाएगा।

अपने विशाल अंतरराष्ट्रीय अनुभव, कुशल नेतृत्व कौशल और विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए माने जाने वाले, कार्तिक का कप्तान के रूप में शामिल होना प्रशंसकों को प्रेरित करेगा और टूर्नामेंट की प्रतिस्पर्धी भावना को बढ़ाएगा।

इस अवसर पर, क्रिकेट हांगकांग के अध्यक्ष बुर्जी श्रॉफ ने कहा, ''हमें हांगकांग सिक्सेस 2025 के लिए टीम इंडिया के कप्तान के रूप में दिनेश कार्तिक का स्वागत करते हुए बेहद खुशी हो रही है। उनका नेतृत्व और अनुभव इस प्रतियोगिता में अपार मूल्य जोड़ेंगे, और हमें विश्वास है कि उनकी उपस्थिति दुनिया भर के प्रशंसकों को इस शानदार क्रिकेट उत्सव का गवाह बनने के लिए आकर्षित करेगी।'' कप्तान के रूप में अपनी नियुक्ति पर, हांगकांग सिक्सेस के लिए टीम इंडिया के कप्तान दिनेश कार्तिक ने कहा, ''हांगकांग सिक्सेस में टीम इंडिया का नेतृत्व करना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है, यह एक ऐसा टूर्नामेंट है जिसका इतिहास इतना समृद्ध और वैश्विक स्तर पर जाना जाता है।

## ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप मामले में ईडी के सामने पेश हुए युवराज सिंह

# सोनू सूद से 24 सितंबर को होगी पूछताछ



नई दिल्ली, 23 सितंबर। भारत के पूर्व स्टार क्रिकेटर युवराज सिंह ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप वनबेट से जुड़े धन शोधन के मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष मंगलवार को पेश हुए। सफेद टीशर्ट और जींस पहे 43 वर्ष के युवराज दोपहर बाहर बजे एजेंसी के दफ्तर पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने इस हरफनमौला से पूछतछ की ओर धन शोधन निरोधक अधिनियम के तहत उनके बयान दर्ज किए।एक इन्फ्लुएंसर अन्वेशी जैन भी इसी मामले में पूछताछ के लिए ईडी के समक्ष पेश हुई। ईडी इससे पहले क्रिकेटर सुरेश रैना, शिखर धनव, रॉबिन उथप्पा, टीएमसी की पूर्व सांसद और बांग्ला अभिनेत्री मिमि चक्रवर्ती, अभिनेता अंकुश हाजरा से भी पूछताछ कर चुका है। अभिनेता सोनू सूद को बुधवार को पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

## आरसीए अंडर-15 महिला टीम की ओपन चयन ट्रायल आगामी 26-28 को जयपुर में आयोजित करेगा

जयपुर, 23 सितम्बर। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत के अनुसार बीसीसीआई की आगामी अंडर 15 वीमेन राष्ट्रिय क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान टीम के संभावितों के चयन हेतु आरसीए द्वारा आयोजित की जाने वाली वीमेन अंडर 15 प्रतियोगिता हेतु आरसीए आगामी 26 से 28 सितम्बर 2025 को 3 दिवसीय राज्य स्तरीय ओपन चयन ट्रायल जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित आरसीए अकादमी पर आयोजन किया जायेगा।

चयन ट्रायल में भाग लेने वाली खिलाडियों को कलर्डक्लोथिंगमें आना आवश्यक है। चयन ट्रायल में वो ही खिलाडी भाग ले सकते हैं जिनका जन्म दिनांक 01 /09/ 2010 से 31 /08 /2013 के मध्य हुआ हो। चयन ट्रायल में भाग लेने हेतु खिलाडियों को निम्नलिखित मूल दस्तावेज साथ लाना आवश्यक है :- कंप्यूटर जनित जन्म प्रमाण पत्र (अनिवार्य), बोनाफाइड प्रमाण पत्र (अनिवार्य) पिछले तीन वर्षों की शिक्षा की अंकतालिका (अनिवार्य), आधार कार्ड/ वोटर आईडी/ड्राइविंग लाइसेंस/ पासपोर्ट/पैन कार्डे। अंडर 19 चयन ट्रायल में वो ही खिलाडी भाग ले सकते हैं जिनका जन्म दिनांक 01 /09/ 2006 या उसके पश्चात हो।

आरसीए द्वारा आयोजित की जाने वाली 3 दिवसीय अंडर 15 वीमेन टीम चयन ट्रायल का विवरण :- दिनांक 26 सितम्बर प्रातः 10 बजे (जिले)। अजमेर, अलवर, बांसवाड़ा, बारां, बाड़मेर, भरतपुर, भीलवाड़ा, बीकानेर, बूंदी, चित्तौड़गढ़, चूरू। दिनांक 27 सितम्बर प्रातः 10 बजे (जिले) दौसा, धौलपुर, डूंगरपुर, हनुमानगढ़, प्रतापगढ़, जैसलमेर, जालोर, झालावाड़, झुंझनू, जोधपुर व करौली। दिनांक 28 सितम्बर प्रातः 10 बजे (जिले) कोटा, नागौर, पाली, राजसमंद, सवाईमाधोपुर, सीकर, सिरोही, श्रीगंगानगर, टोंक, उदयपुर, जयपुर।

प्रथम पृष्ठ का शेष

# राहुल गांधी की ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

परतों में साफ नजर आ रही हैं। जब राहुल गांधी की बिहार यात्रा आयोजित की गई थी, तो उसमें आरजेडी और सीपीआई सहित, सभी गैर एनडीए सहयोगियों को आमंत्रित किया गया था। लेकिन इसके तुरंत बाद, तेजस्वी यादव ने अपनी ''बिहार अधिकार यात्रा'' की शुरुआत अकेले ही कर दी और उन्होंने राहुल गांधी और राज्य के कांग्रेस नेताओं को न्योता देने का सामान्य शिष्टाचार तक नहीं दिखाया।

यात्रा के दौरान और उसके बाद, तेजस्वी के करीबी यह दावा करते रहे हैं कि आरजेडी न सिर्फ सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी, बल्कि तेजस्वी यादव ही निर्विवाद रूप से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे।

कांग्रेस की आधिकारिक स्थिति यह है कि मुख्यमंत्री पद का फैसला चुनाव परिणाम आने के बाद ही किया जाएगा, हालांकि, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश सिंह, जो कांग्रेस से अधिक आरजेडी के अधिक निकट माने जाते हैं, जैसे नेताओं ने सार्वजनिक रूप से कहा है कि तेजस्वी ही मुख्यमंत्री बनेंगे।

राहुल गांधी, आश्चर्यजनक रूप से, इस मुद्दे पर चुप रहे है।

मुद्दा यह है, व्यक्तिगत स्तर पर राहुल गांधी ने ''वोट चोरी'' के मुद्दे पर प्रभावी अभियान चलाया है, लेकिन आरजेडी नेतृत्व कांग्रेस को कोई राजनीतिक स्पेस देने को तैयार नहीं दिख रहा।

2020 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने 70 सीटों पर चुनाव लड़ा था और 19 सीटें

- **तेजस्वी ने ''बिहार अधिकार यात्रा'' आरंभ कर रखी है, जिसमें कांग्रेस या उसके नेता आमंत्रित नहीं। दूसरी ओर कांग्रेस ने राहुल गांधी के नेतृत्व में ऐतिहासिक सदाकत आश्रम में सीडब्ल्युसी बैठक आयोजित की है, 1940 के बाद, और पार्टी के कार्यकर्ताओं का मनोबल काफी ऊँचा है।**

जीती थीं, लेकिन पार्टी का यह आरोप बना रहा कि कांग्रेस को दी गई आधे से ज्यादा सीटें ऐसी थीं, जहाँ जीतना लगभग असंभव था। इस बार, कांग्रेस नेताओं का कहना है कि चाहे सीटों की संख्या घटाई भी दी जाए, लेकिन उन्हें ऐसी सीटें दी जाएँ जहाँ पार्टी का जनाधार मौजूद है।

फिलहाल आरजेडी और कांग्रेस दोनों अपने-अपने रास्ते पर चल रहे हैं। जहाँ अपने सम्मेलन और बैठकें अलग से कर रही है, वहीं पवन खेड़ा के नेतृत्व वाली कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी ने सभी जिलों और अधिकांश विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर उम्मीदवारों के बायोडाटा इकट्ठा कर लिये हैं। यह रणनीति कुछ हद तक ''घोड़े से पहले गाड़ी'' जैसी लगती है, क्योंकि इससे बड़ी संख्या में ऐसे संभावित उम्मीदवार सामने आ जाएँगे, जिन्हें बाद में टिकट देने से मना करना पड़ेगा।

# ट्रंप का ''वीज़ा खेल'' : भारत ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि यह सफाई बस दिखावे की है। मर्चैंट बैंक बेरेनबर्ग के अर्थशास्त्री, अताकान बाकिस्कन ने ''द गार्जियन'' से बात करते हुए कहा, ''वीज़ा को बेहद महंगा बनाकर ट्रंप प्रशासन अमेरिका में वैश्विक प्रतिभाओं के आगमन को हतोत्साहित कर रहा है।'' उन्होंने इस कदम को ''विकास विरोधी नीति'' बताया और कहा कि यह नीति इंजीनियरों, वैज्ञानिकों और कोडरों को दूर करके उत्पादकता को रोक देगी, खासतौर से भारत से आने वालों को, जो एच-1बी वीज़ा का 70 प्रतिशत से ज़्यादा हिस्सा रखते हैं।

बेरेनबर्ग ने हाल ही में अमेरिका की वृद्धि का अनुमान 2 प्रतिशत से घटाकर 1.5 प्रतिशत कर दिया और चेताया कि अगर नीति में बदलाव नहीं हुआ तो 1.5 प्रतिशत का आंकड़ा भी जल्द ही ज़्यादा आशावादी लग सकता है। बाकिस्कन ने कहा कि आर्टिफिशल इंटैलिजैंस में कितना भी निवेश कर लिया जाए, लेकिन सख्त इमिग्रेशन नियमों के कारण होने वाली प्रतिभाशाली मानव पूंजी की कमी को पूरा नहीं किया जा सकता।

ब्रोकरेज कंपनी एक्सटीबी की शोध निदेशक कैथलीन ब्रूक्स ने बताया कि एमेज़ॉन, माइक्रोसॉफ्ट, मेटा, एप्पल और गूगल, एच-1बी वीज़ा का सबसे ज़्यादा इस्तेमाल करने वालों में हैं। उनके अनुसार, बड़ी कंपनियां तो शायद यह खर्च सहन कर लेंगी, लेकिन स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा जैसे क्षेत्र, जो प्रवासी पेशेवरों पर निर्भर हैं, भर्ती में बड़ी कठिनाइयों का सामना कर सकते हैं।

भारत के लिए असर वास्तविक होगा, लेकिन सीमित। चूंकि भारतीय नागरिक वीज़ा प्राप्त करने वालों में सबसे अधिक हैं, इसलिए भारतीय आईटी कंपनियों और पेशेवरों पर शुरुआती झटका पड़ सकता है। उद्योग संस्था नैसकॉम ने बीबीसी से कहा कि वीज़ा शुल्क में बढ़ोतरी अमेरिका में कुछ ऑनशोर प्रोजेक्ट्स के व्यापारिक संचालन को बाधित कर सकती है, जिससे ग्राहक नए दाम तय करने या काम को, कानूनी स्थिति साफ होने तक, टालने की कोशिश कर सकते हैं। कंपनियां कर्मचारी ढांचे (स्टाफिंग मॉडल) को भी बदल सकती हैं: डिलीवरी को ऑफशोर शिफ्ट करना, ऑनशोर भूमिकाएं कम करना और स्पॉन्सरशिप को सख्त करना।

फिर भी इंफोसिस और टीसीएस जैसी भारतीय आउटसोर्सिंग कंपनियां ऐसे झटकों के लिए पहले से तैयारी कर रही हैं। उन्होंने अमेरिका में स्थानीय कार्यबल तैयार किया है और ऑफशोर डिलीवरी मॉडल मजबूत किए हैं। स्टाफिंग कंपनी सीआईईएल एचआर के आदित्य नारायण मिश्रा ने कहा कि कई फर्में यह अतिरिक्त खर्च अमेरिकी ग्राहकों पर डालने की योजना बना रही हैं और रिमोट कॉन्ट्रैक्टिंग, ऑफशोर कामकाज और फ्रीलांस कर्मचारियों पर ज्यादा भरोसा करेंगी।

आईटी सेक्टर से बाहर भी अमेरिका की अर्थव्यवस्था में भारत की मौजूदगी बहुत बड़ी है: भारतीय मूल के अधिकारी गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और आईबीएम का नेतृत्व कर रहे हैं, जबकि अमेरिका के लगभग 6 प्रतिशत डॉक्टर भारतीय हैं। नई प्रतिभाओं की आवक को सीमित करना कई उद्योगों में रुकावटें पैदा कर सकता है। कुल मिलाकर, जहां भारत व्यवसायिक रणनीतियों और डिलीवरी मॉडल बदलकर इस तत्काल उथल-पुथल से निकल सकता है, वहीं अमेरिका के सामने बड़ा खतरा है, अपने ही विकास इंजन को उस वैश्विक प्रतिभा से काट देना, जिसने उसकी अर्थव्यवस्था को ताकतवर बनाया था।

- **पर, अमेरिका के लिए भारतीय मूल के प्रोफैशनल्स को, जो उनकी जानी-मानी कंपनियों, जैसे, गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, आईबीएम का नेतृत्व संभाले हुए हैं, उनका विकल्प ढूढ़ना आसान नहीं। साथ ही, इस टैलैंट का अमेरिका में प्रवेश बाधित करके, इस टैलैंट की पाइप लाइन का गला घुट जायेगा, और पाइप लाइन ''चोक'' हो जायेगी।**

# आरपीएससी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

प्रियदर्शी की नियुक्ति के बाद अब आरपीएससी में दो पूर्व आईपीएस हो गये है। हेमंत प्रियदर्शी रिटायर्ड आईपीएस अफसर हैं। वे इसी साल मई में रिटायर्ड हुए हैं। दूसरे सदस्य डॉ. अशोक कलवार जोधपुर के जाने माने कैंसर स्पेशलिस्ट हैं। तीसरे डॉ सुशील कुमार बिस्सू अजमेर जिले के रहने वाले हैं और मैथमेटिक्स में एमएससी और पीएचडी हैं।

# विश्वास नहीं जम पा ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

और ऐसे उम्मीदवारों को ही वरीयता दी जाए। हालांकि नई प्रणाली के बारीक नियमों और उनके असर को अभी समझना बाकी है, लेकिन पूरे प्रयास ने अनिश्चितता का माहौल बना दिया है।

फिर भी, अचानक की गई इस घोषणा और डॉनल्ड ट्रंप की तीखी बयानबाज़ी ने विदेशी कर्मचारियों-खासतौर से टैक्नॉलजी क्षेत्र में एच-1बी वीज़ा पर काम करने वालों को अनुमति देने की व्यवस्था को नुकसान पहुँचा दिया है। तकनीकी और आईटी क्षेत्र की वे कंपनियां जो इस सुविधा का सबसे अधिक उपयोग करती हैं, अब अमेरिकी संघीय सरकार के बदले हुए रुख को लेकर चिंतित हैं।

उद्योग जगत की अन्य हस्तियों ने भी सरकार के इस कदम की आलोचना की है। इनमें प्रमुख हैं जेपी मॉर्गन इन्वेस्टमेंट बैंक के प्रमुख जेमी डाइमोन। उन्होंने कहा कि उनके दादा स्कूल छोड़ने का प्रमाणपत्र लिए बिना ही अमेरिका आ गए थे।

टेस्ला और अन्य कंपनियों के मालिक, दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क ने भी कहा कि वह योजना तेज दिमागों को अमेरिका आने और अपने साथ-साथ अपनाए गए देश के लिए लाभदायक तरीके से काम करने का अवसर देती थी। अमेरिकी सरकार की कुछ आश्वस्त करने वाली बातों के बावजूद माहौल पर इसका नकारात्मक असर पड़ा है।

संघीय सरकार क्या कदम उठाने वाली है, इस डर को आज 80वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा में ट्रंप के भाषण में लगातार आव्रजन विरोधी रुख ने और पुख्ता कर दिया। उनके शब्दों ने अमेरिका में प्रवास को सीमित करने की उनकी सोच को स्पष्ट कर दिया।

ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र संघ पर ही आरोप लगाया कि वह सीमा पार प्रवासन को प्रोत्साहित कर रहा है और अवैध प्रवासियों को आर्थिक मदद और आवास दे रहा है। उन्होंने अपने हमले का दायरा बढ़ाते हुए यूरोपीय देशों की भी आलोचना की कि वे अवैध प्रवासन के खतरों को पर्याप्त गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। ट्रंप ने इन देशों से सीधे कहा कि उनके देश बर्बादी की ओर बढ़ रहे हैं।

डॉनल्ड ट्रंप की आव्रजन और विदेशी कर्मचारियों पर की गई यह बयानबाज़ी भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि उसका आईटी क्षेत्र अपने निरंतर कामकाज के लिए बहुत बड़े पैमाने पर अमेरिका पर निर्भर है। एच-1बी वीज़ा का लगभग 70 प्रतिशत भारतीय आवेदकों को मिलता है और देश की बडी आईटी सेवा कंपनियां अपने व्यवसाय के लिए पूरी तरह अमेरिका पर टिकी हुई हैं।

भारतीय कंपनियों को जल्द ही वैकल्पिक कामकाज मॉडल ढूँढने होंगे, साथ ही अमेरिकी तकनीकी दिग्गजों को भी भारतीय प्रतिभा पर अपनी निर्भरता देखते हुए नए रास्ते अपनाने पड़ेंगे। आख़िरकार, यह साझेदारी यूँ ही नहीं बनी थी। यही दक्षता और प्रतिभा का भंडार था जिसने टैक्नॉलजी कंपनियों को उनके प्रदर्शन में नई ऊँचाइयों तक पहुँचने में मदद की।

# मुख्यमंत्री भजनलाल ने हमीरगढ़ में एविएशन अकैडमी का उद्घाटन किया

## ड्यूंस एविएशन अकैडमी को राइज़िंग राजस्थान समिट के दौरान भूमि दी गई थी

जयपुर/भीलवाड़ा, 23 सितम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प में राजस्थान एविएशन के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यहां पायलट ट्रेनिंग की विश्वस्तरीय प्रशिक्षण सुविधाओं के निरंतर विस्तार से युवाओं के लिए आसमान में अनंत संभावनाओं के द्वार खुल रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारे युवाओं को ट्रेनिंग के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को भीलवाड़ा के हमीरगढ़ में ड्यूंस एविएशन एकेडमी के उद्घाटन के अवसर पर आमजन को संबोधित कर रहे थे।

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में एविएशन सैक्टर नई ऊँचाइयाँ छू रहा है, जिसका उदाहरण है, कोटा का ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट, उदयपुर एयरपोर्ट विस्तार के लिये 145 एकड़ भूमि की अधिसूचना तथा जयपुर में नये स्टेट टर्मिनल के लिए 12,778 वर्ग मीटर भूमि का आवंटन।**



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को भीलवाड़ा के हमीरगढ़ में ड्यूंस एविएशन एकेडमी का उद्घाटन किया।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेशकों का हमारी एविएशन पॉलिसी पर दृढ़ विश्वास है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने राइज़िंग राजस्थान समिट के अंतर्गत ड्यूंस एविएशन एकेडमी को भूमि उपलब्ध कराई थी। इस पर जल्द ही फ्लाइंग शुरू भी हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान न केवल अपने युवाओं को पायलट बनाएगा, बल्कि दुनिया भर के युवाओं के लिए एविएशन की पाठशाला बनेगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान में एविएशन सेक्टर निरंतर नई उचाइयां छू रहा है। इसमें कोटा का ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह एयरपोर्ट न केवल राजस्थान, बल्कि मध्य भारत के लिए एक महत्वपूर्ण गेटवे बनेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने उदयपुर के एयरपोर्ट विस्तार के लिए 145 एकड़ भूमि के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। वहीं, जयपुर के एयरपोर्ट पर नए स्टेट टर्मिनल के निर्माण के लिए 12 हजार 778 वर्ग मीटर भूमि का आवंटन किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि किशनगढ़ में फ्लाइंग ट्रेनिंग ऑर्गनाइजेशन भी शुरू हो चुका है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक, सांसद दामोदर अग्रवाल सहित, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, आमजन एवं ड्यूंस एविएशन एकेडमी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## जगन्नाथ मंदिर का खजाना स्थायी रत्न भंडारों में स्थानांतरित

पुरी, 23 सितंबर। ओडिशा में पुरी स्थित विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर का खजाना कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच वापस स्थायी रत्न भंडारों में स्थानांतरित कर दिया गया।

मंदिर की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार खजाना का स्थानांतरण सुबह 10:55 बजे शुरू हुआ और दोपहर 2:55 बजे समाप्त हुआ। रत्न भंडारों को स्थानांतरण के बाद बंद करते हुए सील कर दिया गया।

## मोहनलाल को दादा साहब फाल्के, शाहरुख व मैसी बैस्ट एक्टर अवॉर्ड से सम्मानित

नयी दिल्ली, 23 सितंबर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राजधानी में मंगलवार को आयोजित एक समारोह में 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार वितरण के अन्तर्गत, मलयालय सिनेमा के अप्रतिम कलाकार मोहनलाल को अति प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के अवार्ड से सम्मानित किया।

इस अवसर पर अभिनेता शाहरुख खान को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता तथा रानी मुखर्जी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया। शाहरुख खान ने इस अवार्ड का साझा विक्रांत मैसी के साथ किया। शाहरुख को यह पुरस्कार उनकी फिल्म जवान के लिए तो मैसी को 12वीं फेल के लिए दिया गया। रानी मुखर्जी को मिसेज चैटर्जी वर्सेज नॉर्वे फिल्म के लिये सर्वश्रेष्ठ आंका गया।

समारोह में सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म का पुरस्कार कटहल - ए जैकफ्रूट मिस्ट्री को मिला। यह फिल्म कटहल के चोरी होने और उसकी बरामदगी के बहाने व्यंग्य भरे स्वर में समाज की पड़ताल करती है, जबकि सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार 12वीं फेल को दिया गया। इस फिल्म में गांव के एक सीधे- साधे और बेहद गरीब छात्र के कड़ी मेहनत के बाद भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी के लिए चुने जाने की वास्तविक घटना को फिल्माया गया है।




MARUTI SUZUKI

NEXA

CELEBRATIONS JUST GOT BIGGER.

WITH GST BENEFITS + LIMITED PERIOD FESTIVE OFFERS*

| | PRICE REDUCTION OF UP TO# | NOW STARTING AT# | ADDITIONAL FESTIVE OFFERS OF UP TO* |
|---|---|---|---|
| FRONX | ₹1 12 600 | ₹6 84 900 | ₹70 000 |
| GRAND VITARA | ₹1 07 000 | ₹10 76 500 | ₹1 29 100 + 5 Year Extended Warranty |
| BALENO | ₹86 100 | ₹5 98 900 | ₹72 500 |
| IGNIS | ₹71 300 | ₹5 35 100 | ₹62 500 |
| INVICTO | ₹61 700 | ₹24 97 400 | ₹1 40 000 |
| XL6 | ₹52 000 | ₹11 52 300 | ₹25 000 |
| JIMNY | ₹51 900 | ₹12 31 500 | ₹1 00 000 |

#Prices applicable from 22nd September onwards.



SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU

NEXA SAFETY SHIELD

*FESTIVE OFFERS VALID TILL 30TH SEP ONLY

UP TO 100% WAIVER ON CAR LOAN PROCESSING FEE (ONLY TILL 30TH SEP)##

E-BOOK TODAY @ WWW.NEXAEXPERIENCE.COM

Contact us at 1800-200-[6392] 1800-102-[6392]

For detailed T&C kindly visit your nearest dealership. Features and accessories shown may not be a part of the standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers and features may vary subject to the model and variant purchased. *The mentioned offers include "Consumer Offer + Booking offer + Exchange Bonus + Rural offer", and may vary from city to city. Please contact nearby dealership for more details. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. All offers are applicable till 30th September '25 or till stocks last. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan India. Maruti Suzuki Subscribe is available only in selected cities. ##Offers include consumer offer, exchange bonus and institutional or rural offers (wherever applicable) on select models/variants. Finance is at the sole discretion of the financer by selected finance partners.

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, जी-1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौन सिटी, जिला करौली से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2008/27147 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908